www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-174 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



सांसद मनोज झा के समर्थन में उतरे लालू प्रसाद, ... 02
■ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास की सीबीआई जांच ...
■ मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एम्पावर... 03
■ कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान...
■ रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की 07
अभिनय मेरा जुनून और गायन मेरी आत्मा ... 10

## सार संक्षेप

### मौजूदा संविधान बदलना चाहती है भाजपा : खड़गे



**भाटापारा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगो का लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा संविधान को हटाकर दूसरा संविधान लाना चाहती है। श्री खड़गे ने आज यहां आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी रणनीति के मुताबिक भाजपा ने इस बारे में अपने विचारों के पक्ष में अपने लोगो से चर्चाएं शुरू करवा दी है। वह लोगो में इसके असर को देखना चाहते है।

### सुप्रीम कोर्ट आदेश को गलत तरीके से गढ़ने की जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री को शीर्ष अदालत के आदेश को गलत तरीके से गढ़ने के एक मामले में आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने आदेश दिया कि रजिस्ट्रार (न्यायिक) ने जांच में पाया कि शीर्ष अदालत का एक आदेश मनगढ़ंत था, जिसके बाद पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज करके आपराधिक कानून को लागू किया जाना चाहिए।

### उत्तरी सेना के कमांडर ने चौकियों का दौरा किया



**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को सियाचिन लद्दाख में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर के साथ, सेना कमांडर ने दुर्गम इलाके के बावजूद युद्ध की तैयारी के उत्कृष्ट मानकों के लिए सेक्टर में तैनात सैनिकों की सराहना की।

### कांग्रेस विधायक खैरा एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब में फाजिल्का जिले की जलालाबाद पुलिस ने एनडीपीएस के पुराने मामले में कांग्रेस के भुलत्थ से विधायक सुखपाल सिंह खैरा को आज यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। जलालाबाद पुलिस टीम सुबह करीब छह बजे खैरा के आवास पर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### कोटा में एक और छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 27 वीं और इस महीने की तीसरी घटना है।

## एशियाई खेल



# भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा स्वर्ण पदक

**हांगझोउ।** भारत के शिवा नरवाल, अर्जुन सिंह, सरबजीत सिंह की तिकड़ी ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

## लोकसभा में अपशब्द का मामला

# विशेषाधिकार समिति करेगी बिधूडी व दानिश मामले की जांच

### लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों की सिफारिश पर समिति के पास भेजा मामला

- भाजपा ने बिधूडी को राजस्थान में दी टोंक जिले की जिम्मेदारी
- दानिश ने जिम्मेदारी को भाजपा का चाल, चरित्र व चेहरा बताया

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश बिधूडी को पार्टी ने राजस्थान चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर एक तरह से क्लीनचिट दे दिया है। जिस पर विपक्ष उखडा हुआ है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिधूडी और दानिश अली मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी। इसके बाद यह पता चल जाएगा कि दोषी कौन है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों की सिफारिश पर मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। समिति मामले की तह में जाकर पता लगाएगी कि दोषी कौन है। बतादें कि कल ही भाजपा नेतृत्व दृवारा बिधूडी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस खबर के बाद भड़के दानिश अली ने कहा कि भाजपा के इस फैसले ने उसका चाल,चरित्र और चेहरा स्पष्ट कर दिया है। यह कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है,बल्कि भाजपा से यही अपेक्षा थी। बिधूड़ी इस नई नियुक्ति के बाद माना जा रहा है कि है पार्टी ने उन्हें पहले ही क्लीनचिट दे दी है।



### भाजपा ने बिधूडी से मांगा है जवाब

एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि भाजपा अब बिधूडी को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बना देगी। कुछ हद तक ओवैसी का बयान सच भी साबित हुआ प्रदेश अध्यक्ष तो नहीं लेकिन बिधूडी को इनाम मिला और राजस्थान चुनाव में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मा सौंप दिया गया। हालांकि इस मामले में भाजपा ने बिधूडी को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा है।

### निशिकांत दुबे ने अध्यक्ष का आभार जताया

निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार। उन्होंने दानिश अली प्रकरण में लोकसभा सचिवालय की कमेटी को जांच का जिम्मा सौंपा। आज यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि लोकसभा में बीजेपी का बहुमत है। इससे पहले मारपीट तक के मामलों में न कोई कमेटी बनी और न ही सजा हुई।

# अब फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी

■ कारीगरों के बीच आरी व हथौड़े के साथ आए नजर ■ दिल्ली की कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं, मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की।' वहीं, एक पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से राहुल गांधी की कुछ और तस्वीरें साझा की गई। पोस्ट में यह भी लिखा गया कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

#### लगातार आम लोगों से मिल रहे राहुल

हाल के दिनों में राहुल गांधी का अलग अंदाज नजर आया है। उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को राहुल गांधी दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी। हाल ही में जब वह छत्तीसगढ़ पहुंचे तो उन्होंने जनरल ट्रेन में सफर किया और इस दौरान आम लोगों से मिले। इसी साल रमजान के महीने के दौरान 18 अप्रैल को राहुल गांधी ने पुरानी दिल्ली के मटिया महल बाजार में खाने-पीने की चीजों का लुत्फ लिया था। वह बंगाली मार्केट भी गए थे। राहुल ने अपनी ट्रिप के दौरान गोलगप्पे खाए थे और शरबत पिया था। दो दिन बाद ही राहुल दिल्ली के मुखर्जी नगर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से मुलाकात करने पहुंच गए थे।



ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं, मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर है। काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की: **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### कल जन आक्रोश यात्रा में शामिल होंगे राहुल

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 सितंबर को मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल में कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा में शामिल होंगे। राज्य के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने आज वीडियो संदेश के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री गांधी कालापीपल में 30 सितंबर को कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा को संबोधित करेंगे। उन्होंने आसपास के जिलों से भी नागरिकों से कालापीपल पहुंचने की अपील की है।

## सुरक्षा एजेंसियां हुईं सतर्क

# विश्वकप के दौरान हमला कर सकते हैं खालिस्तानी आतंकी

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कनाडा की मौजूदा सरकार द्वारा खालिस्तान समर्थकों के साथ खुलकर खड़े हो जाने के बाद भारत में आतंकी हमले का खतरा बढ़ गया है।

आशंका जताई जा रही है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए खालिस्तानी अगले माह भारत में होने जा रहे क्रिकेट विश्वकप को निशाना बना सकते हैं। सनद रहे प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का नेता और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पिछले दिनों बाकायदा एक वीडियो जारी कर वनडे विश्वकप को निशाना बनाने की धमकी दी थी। उसने एक अन्य खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही है। ऐसे विश्वकप की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं और वह पूरी तरह एलर्ट हो गई है। देश में खालिस्तानी चरमपंथियों के सक्रिय नेटवर्क और पुराने अनुभवों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने का फैसला लिया है। वहीं खालिस्तान समर्थकों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि विदेश में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर वे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के फ्लाईओवरों और दीवारों पर भारत विरोधी स्लोगन भी लिखना शुरू कर दिया है। ताकि भारत आने वाले विदेशियों सामने देश की किरकिरी हो सके। राजधानी के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कराने की बात कही है। वहीं पन्नू ने वीडियो जारी कर इस घटना की जिम्मेदारी ली है।




- भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने की होगी कोशिश
- खालिस्तानी निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही

# पंजाब में किसान संगठनों का रेल रोको आंदोलन शुरू



- 25 ट्रेनें प्रभावित, यात्री स्टेशनों पर फंसे
- 19 किसान-मजदूर संगठन आए साथ

**जालंधर,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के 19 किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर आज से 30 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठ गए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़ के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का चक्का जाम हो गया है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। गुरुवार सुबह ही किसान बड़ी गिनती में रेलवे लाइनों के पास इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसान तीन दिन की पूरी तैयारी के साथ आए हैं। खाने-पीने व बैठने का पूरा इंतजाम हो चुका है और ट्रॉलियों में सोने के लिए गद्दे भी किसान साथ लेकर आए हैं। 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इसमें मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल व डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर व डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बसती टैंकां वाली व मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुरा फूल, अमृतसर के देवीदासपुरा व मजीठा, फाजिल्का, मलेरकोटला के अहमदगढ़ में यह प्रदर्शन अगले तीन दिन तक जारी रहेगा।

#### प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा की मांग

किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों की न तो अभी तक गिरदावरी हुई है और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है। किसान संगठनों का कहना है कि कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा किसानों को दिया जाए।

# हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को तमिलनाडु के चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्थाजनित रोगों से पीड़ित थे। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महान कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। डॉ. स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। हरित क्रांति एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसने रासायनिक-जैविक प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के माध्यम से चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पदों पर सेवा दी थी। डॉ. स्वामीनाथन को प्रथम खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी नवाजा गया था।



- महान वैज्ञानिक ने 98 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस
- चावल व गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग दिखाया

# सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

### सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी



**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। श्री गडकरी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी।

## जनसंख्या — संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

# भारत में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है।**

भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने बुधवार को इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक स्तर पर बात की जाए, तो 2022 में 7.9 अरब की आबादी में से करीब 1.1 अरब लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे। यह आबादी का करीब 13.9 फीसदी हिस्सा है। 2050 तक वैश्विक आबादी में बुजुर्गों की तादाद बढ़कर करीब 2.2 अरब (22 फीसदी) के करीब पहुंच जाएगी।



- 27 साल बाद हर पांच में से एक व्यक्ति होगा वृद्ध

### मृत्यु दर में आई कमी

भारत में बुजुर्गों की तादाद बढ़ने की तीन वजह हैं- घटती प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर में कमी और उत्तरजीविता में वृद्धि। बीते एक दशक में देश में प्रजनन क्षमता में 20 फीसदी की गिरावट आई है। 2008-10 के दौरान देश की सकल प्रजनन दर 86.1 थी, जो 2018 से 2020 के दौरान घटकर 68.7 रह गई है। कुल आबादी में बुजुर्गों के राष्ट्रीय औसत से कम संख्या वाले 11 राज्य हैं। इनमें 7.7 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ बिहार देश का सबसे युवा राज्य है। 8.1 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ उत्तर प्रदेश दूसरा सबसे युवा राज्य है। शीर्ष पांच राज्यों में असम (8.2 फीसदी) तीसरे, झारखंड (8.4 फीसदी) चौथे और राजस्थान व मध्य प्रदेश (8.5 फीसदी) पांचवें स्थान पर हैं। 60 पार उम्र की 16.5 फीसदी आबादी के साथ केरल सबसे बुजुर्ग राज्य है।

# देश

उवाच



जब तक विवाद रहेगा, भाजपा कावेरी जल के लिए आंदोलन का समर्थन करेगी। तमिलनाडु को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जब कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने कर्नाटक को प्रतिदिन 10,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया था:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री, कर्नाटक**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.2 | 22.2 |
| मुंबई | 33.6 | 23.9 |
| कोलकाता | 35.5 | 27.6 |
| चेन्नई | 34.9 | 24.0 |

# उज्जैन में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**भोपाल,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में बलात्कार की शिकार नाबालिग लड़की फिलहाल खतरे से बाहर है। मामले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएमसी) के डॉक्टरों की एक टीम ने कहा कि उसके निजी अंगों की सर्जरी की गई, हालांकि, उसे ठीक होने में समय लगेगा। पीड़िता को मंगलवार को उज्जैन में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया था, जहां एक पुलिसकर्मी ने उसके लिए रक्तदान किया। इस चौंकाने वाली घटना से उज्जैन जिला पुलिस सकते में आ गई है। लड़की के मिलने के तीन दिन बाद भी पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस अभी तक उस स्थान का पता नहीं लगा पाई है जहां अपराध हुआ था।



- **पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले**
- **पीड़ित लड़की फिलहाल खतरे से बाहर**

उज्जैन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा ने घटना के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, 'शहर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। हमने एक संदिग्ध (ऑटो चालक) से पूछताछ की है, लेकिन हम अभी तक किसी निर्णायक सबूत तक नहीं पहुंच पाए हैं।' जैसा कि पीड़िता की भाषा के लहजे से पता चलता है कि वह प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) की हो सकती है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम वहां भेजी गई है। कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चला कि लड़की को सोमवार सुबह 3 बजे के आसपास स्कूल ड्रेस में घूमते हुए देखा गया था। सवाल यह पूछा जा रहा है कि अगर लड़की रात में सड़क पर घूम रही थी तो रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीमों की नजर उस पर कैसे नहीं पड़ी? ऐसे कई सवाल हैं जिनका पुलिस को आने वाले दिनों में जवाब देना है, जिसमें उसके माता-पिता कहां हैं और क्या उसकी मां के साथ भी बलात्कार हुआ था, जैसा कि पीड़िता ने कथित तौर पर कहा है। पीड़िता को उज्जैन के एक पुजारी ने देखा, जिसने उसे भोजन और कपड़े दिए और पास के पुलिस स्टेशन को जानकारी दी।

### प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला, कहा

## भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं



भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही लेकिन मदद नहीं मिल सकी:-प्रियंका गांधी

भोपाल। मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती? वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुजरी है वहां के लोगों के लिए शर्म की बात है।

### उज्जैन मामले में एक संदिग्ध हिरासत में, जांच के लिए एसआईटी गठित : गृह मंत्री

मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वहीं मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कल रात गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जांच के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उज्जैन पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बालिका को कल पुलिस ने अपने संरक्षण में ले लिया है। संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

# बीआरएस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के सांसदों ने चुनाव आयोग में बीआरएस पार्टी के कार चुनाव चिन्ह से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर अपना विरोध जताया और इस विषय में तुरंत समाधान निकालने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह किया। बीआरएस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में सांसद नेता वेंकटेश, एम श्रीनिवास रेड्डी और बीआरएस पार्टी महासचिव भरत कुमार शामिल थे। उन्होने बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों के साथ करीब घंटे भर की मुलाकात में विस्तार से बताया कि रोड रोलर चुनाव चिन्ह किसी अन्य राजनीतिक दल को दिये जाने से इसका दुरूपयोग किया जाएगा। बीआरएस सांसदों ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिन्ह कार है। रोड रोलर इससे मिलता जुलता चुनाव चिन्ह है। इसका दुरूपयोग होना संभव है। इसका असर बीआरएस और अन्य राजनीतिक दलों को भुगतना होगा। आयोग के अधिकारियों ने बीआरएस सांसदों के विचार को गंभीरता पूर्वक सुना और नियमानुसार इसके समाधान का आश्वासन दिया।

- **सांसदों ने बीआरएस पार्टी से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर विरोध जताया**




**मुख्यमंत्री केसीआर ने कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है**

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भारत की हरित क्रांति के जनक, विश्व प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित पद्म विभूषण एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दुख जताया कि उनके निधन से देश ने कृषि क्षेत्र ने विशिष्ट व्यक्ति खो दिया है। मुख्यमंत्री ने गहरा अफसोस जताया कि उनका निधन देश के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है और देश के किसानों ने एक बड़ी दिशा खो दी है। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## सार संक्षेप

### निराश्रित और विधवा महिलाओं की पेंशन का हो तत्काल भुगतानः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि राज्य में निराश्रित और विधवा महिलाओं की दो महीने से रुकी हुई पेंशन का तत्काल भुगतान हो। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को पिछले दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इन महिलाओं को सिर्फ 600 रुपए महीने पेंशन मिलती है, उसे भी देने से सरकार ने इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को तत्काल उनकी पेंशन का भुगतान किया जाए।

### झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, कई अन्य घायल

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 50 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 209 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं।

### बिहार में राजद का अतिपिछड़ा सम्मेलन बना नेताओं का अखाड़ा, जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे और इनके सामने ही राजद नेता आपस में उलझ गए। बताया जाता है कि राजद के जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव ने भी जमकर अपना गुस्सा निकाला और कई लोगों की पिटाई की। हंगामा व मारपीट के कारण हॉल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मंच पर बैठने को लेकर शुरु हुआ विवाद हंगामा और मारपीट में बदल गया।

# मध्य प्रदेश में बुजुर्ग पत्रकारों की सम्मान निधि 10 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह

**भोपाल,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के मीडियाकर्मी और खिलाड़ियों को नई सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। निर्णय लिया गया कि बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि 10 हज़ार रूपए से बढ़ाकर 20 हज़ार रुपये की जायेगी। इसके साथ ही सरकार ने घोषणा की कि सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी, पति को एकमुश्त 8 लाख रूपए की सहायता राशि दी जायेगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता प्रावधान 20 हजार से बढ़ाकर 40 हज़ार रुपए और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख रूपए किया जायेगा। आयकर वाली शर्त को भी हटाया गया है। इस निर्णय का पत्रकार संगठनों ने स्वागत किया है। असल में, मुख्यमंत्री ने 7 सितंबर को हुए पत्रकार समागम में इस संबंध में कई पत्रकारों से बात की थीं। पत्रकारों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को पत्रकारों को होने वाली कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस निर्णय के पीछे मुख्यमंत्री की यह सोच रही कि मीडियाकर्मियों को जितना संभव हो, सहूलियत दी जाए। मध्य प्रदेश शासन की ओर से यह भी निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश में अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान योजना को संशोधित कर नवीन योजना 'अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण एवं शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना 2023' को स्वीकृत किया। नई योजना में अधिकतम ऋण राशि सीमा 25 लाख रूपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए की गयी है। साथ ही योजना में अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे ,बेटियों की शिक्षा के लिये बैंक से लिये गये ऋण पर देय ब्याज पर भी 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिये राज्य शासन द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में पत्रकारों से वर्ष 2022-23 के लिए भारित प्रीमियम दर के अनुसार ही इस वर्ष भी प्रीमियम राशि ली जायेगी।

**कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया**

## भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को!

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार (1 अक्टूबर) को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रविवार शाम को होने वाली इस बैठक में भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा सकती है। भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अब तक उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल मिलाकर पार्टी अब तक अपने 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीदवारों की एक ही लिस्ट जारी की है ।

**एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के उम्मीदवारों पर लग सकती है मुहर**

# पन्नीरसेल्वम भाजपा के साथ गठबंधन पर फिलहाल फैसला नहीं ले पाए

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की और कहा कि उसका भाजपा के साथ अब कोई रिश्ता नहीं है, मगर अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने इस बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। अन्नाद्रमुक के मुख्य समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओपीएस को सितंबर 2022 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस जहां अन्नाद्रमुक में दोबारा प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ नेता के. पलानीस्वामी और उनके करीबी इसके खिलाफ हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी अन्नाद्रमुक के साथ समझौते की कोशिश कर रहा है और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पहल कर रहे हैं। हालांकि अन्नाद्रमुक के उप महासचिव के.पी. मुनुस्वामी ने कहा कि पार्टी के भाजपा के साथ गठबंधन में वापस जाने का कोई सवाल ही नहीं है। ओपीएस दक्षिण तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत हैं और उनके समुदाय थेवर का वहां बहुत प्रभाव है, इसलिए यह केंद्र की भाजपा सरकार के साथ ओपीएस के लिए सौदेबाजी का बिंदु होगा। हालांकि उन्हें अभी इस बारे में फैसला लेना है।



- **तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की**

**एआईएडीएमके नेता ने कहा, बीजेपी से कोई गठबंधन नहीं**

अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक और पूर्व मंत्री के.पी. मुनुसामी ने गुरुवार को कहा कि पार्टी के एनडीए में वापस जाने या बीजेपी के साथ गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। मुनुसामी कृष्णागिरी में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे और उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व मध्यस्थता करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को काम सौंपा है। उन्होंने कहा, 'पीएम उम्मीदवार को आगे कर लोकसभा चुनाव का सामना करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे मालिक तमिलनाडु के मतदाता हैं' पूर्व मंत्री, जो एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के करीबी हैं, ने कहा कि पार्टी एक नया गठबंधन बनाएगी और लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

## सांसद मनोज झा के समर्थन में उतरे लालू प्रसाद, कहा, कोई गलत बात नहीं कही



मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है:-लालू प्रसाद

पटना। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चल रहे चर्चा के दौरान 'ठाकुर का कुंआ' कविता सुनाए जाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। इस बीच उन्हें अपनी पार्टी के अध्यक्ष लालू प्रसाद का साथ मिला है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। उन्होंने कहा कि झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है। राजद अध्यक्ष ने आगे कहा कि झा की कविता ने किसी को ठेस नहीं पहुंचाया है। लालू ने कहा कि कुछ लोग अलग तरह का बयानबाजी कर रहे हैं। मनोज झा ने किसी को टारगेट नहीं किया है। लालू प्रसाद से जब राजद के विधायक चेतन आनंद द्वारा झा की कविता का विरोध पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उसकी उतनी ही समझ है।

### बंगाल स्कूल नौकरी मामला

# ईडी ने अब अभिषेक बनर्जी के माता-पिता को भी तलब किया

**कोलकाता,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए कथत तौर पर करोड़ों रुपए लिए जाने के मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के माता-पिता लता बनर्जी और अमित बनर्जी को तलब किया है। उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए अगले सप्ताह बुलाया गया है। अभिषेक बनर्जी द्वारा एक्स पर यह जानकारी दिए जाने के ठीक एक घंटे बाद यह जानकारी सामने आई कि उन्हें मामले में पूछताछ के लिए 3 अक्टूबर को ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में बुलाया गया है। सूत्रों ने कहा कि उनके माता-पिता को उस कंपनी के निदेशक के रूप में बुलाया गया है जहां अभिषेक बनर्जी सीईओ हैं। स्कूल नौकरी मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच के दौरान कॉर्पोरेट इकाई का नाम सामने आया।



सूत्रों ने कहा कि लता बनर्जी और अमित बनर्जी दोनों को ईडी अधिकारी ने अगले सप्ताह ईडी के उक्त कार्यालय में उक्त कॉर्पोरेट इकाई के निदेशक के रूप में उनके जुड़ाव से संबंधित प्रासंगिक कागजात और दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। सूत्र ने कहा, दोनों को अपनी संपत्ति और निवेश के विवरण वाले दस्तावेजों के साथ आने के लिए भी कहा गया है। हाल ही में, कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने भी ईडी को लता बनर्जी की संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है।

# बंगाल कांग्रेस ने अधीर रंजन को सलाह देने पर शरद पवार की आलोचना की

**कोलकाता,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने गुरुवार को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और पांच बार के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना से बचने की सलाह देने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार की आलोचना की। पवार ने कहा था कि बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत है। पवार ने कहा, 'यह सही नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए।' उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चौधरी ने दावा किया कि राकांपा नेता ने जो कुछ भी कहा था वह उनके अपने दृष्टिकोण से था जो पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता है। चौधरी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस 'उत्पीड़क' है और कांग्रेस 'उत्पीड़ित' है। इसलिए यहां हम 'उत्पीड़क' और 'उत्पीड़ित' के बीच संबंधों के आधार पर काम कर रहे हैं। मैं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। मैं पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर बोल रहा था।' राज्य कांग्रेस नेता सौम्या आइच रॉय ने यह भी दावा किया कि राकांपा नेता पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत जाने बिना बिना बोल रहे हैं। सीपीआई (एम) नेतृत्व ने भी इस घटनाक्रम पर चौधरी का समर्थन किया है।



बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत :-शरद पवार

पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ सुजन चक्रवर्ती के अनुसार, अगर एनसीपी नेता वास्तव में सोचते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा विरोधी है, तो उन्हें टीएमसी को महाराष्ट्र में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए।

### चुनावी सरगर्मी | *मध्यप्रदेश चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत*

# यूपी के नौ मंत्रियों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए करो या मरो का सवाल बन गया है। पार्टी एक तरफ जहां अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों व एक राष्ट्रीय महासचिव को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है,तो वहीं पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के एक उपमुख्यमंत्री के अलावा आठ मंत्रियों व एक विधायक को भी अहम मोर्चे पर लगा दिया गया है।**

इसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भोपाल कैबिनेट मंत्रियों में स्वतंत्रदेव को सतना, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, बेबीरानी मौर्य को ग्वालियर, राज्यमंत्रियों में दिनेश प्रताप सिंह को रायसेन, दयाशंकर मिश्र (दयालु)को दतिया, कपिलदेव अग्रवाल को दमोह, अनिल राजभर को सिवनी, जेपीएस राठौर को भोपाल संभाग व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विधायक बेटे पंकज सिंह को विदिशा की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने राज्य में सत्ता विरोधी रुझान को भांपते हुए पहले ही अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत कई बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का ऐलान कर चुकी है। भाजपा की 39 उम्मीदवारों को सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते समेत सात सांसदों को उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया है। पार्टी ने अभी तक जिन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, इसमें से ज्यादातर सीटें वहीं हैं, जिन पर उसे 2018 के चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।बतादें मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटे हैं, किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए 116 सीटों का जीतना जरूरी होगा।



**कई और राज्यों के मंत्री, सांसद संभालेंगे मोर्चा**

राजस्थान का विधान सभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात के नेताओं की फौज को राजस्थान में उतार दिया है। भाजपा ने अलग-अलग प्रदेशों से आने वाले इन नेताओं को राजस्थान के अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा नेताओं को विजयी बनाने का टास्क सौंपा है। जम्मू कश्मीर से लोक सभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को जयपुर शहर का और प्रदेश से ही आने वाले एक अन्य सांसद जुगल किशोर को जयपुर देहात उत्तर का प्रभारी बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के अन्य नेताओं की बात करें तो राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण, पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को दौसा, प्रदेश से आने वाले राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिंह को श्रीगंगानगर, राज्य के पूर्व विधायक देवेंद्र राणा को जोधपुर शहर और पूर्व विधायक शक्ति परिहार को बाड़मेर जिले का प्रभारी बनाया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को करौली जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश से जुड़े अन्य नेताओं की बात करें तो उत्तराखंड सरकार के मंत्री धन सिंह रावत को धौलपुर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत को उदयपुर शहर और उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां जिले का प्रभारी बनाया गया है।

उल्टा पुल्टा

बच्चा - मम्मी आप तो कहती थी कि परी उड़ती है,
फिर अपनी पड़ोसन आंटी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी - उस बंदरिया को परी किसने कहा?
बच्चा - डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी - तो फिर बैटा आज उड़ेगी वो आंटी
और साथ में तुम्हारे पापा भी।

# मुख्यमंत्री के सरकारी आवास की सीबीआई जांच प्रधानमंत्री की घबराहट का नतीजा : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास की सीबीआई जांच के आदेश दिए जाने पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने मोदी सरकार पर पलटवार किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि अब इन्होंने सीएम आवास की सीबीआई जांच शुरू करवा दी, जो दिखाता है कि प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं। मेरे खिलाफ जांच कोई नई बात नहीं है। अभी तक मेरे खिलाफ पिछले 8 साल में 50 से ज्यादा मामलों में जांच करवा चुके हैं। ये बोले कि केजरीवाल ने स्कूल, बस, शराब, सड़क, पानी, बिजली घोटाला कर दिया। दुनिया में शायद सबसे ज्यादा जांच मेरी हुई होंगी, लेकिन किसी केस में कुछ नहीं मिला। इसमें भी कुछ नहीं मिलेगा। क्योंकि जब कुछ गड़बड़ है ही नहीं तो क्या मिलेगा?

सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि एक चौथी पास राजा से और उम्मीद भी क्या की जा सकती है? 24 घंटे बस जांच-जांच का गेम खेलते रहते हैं या फिर भाषण देते रहते हैं। काम तो कुछ करते नहीं। वो चाहते हैं कि मैं भी दूसरे नेताओं और पार्टियों की तरह उनके साथ मिल जाऊं। पर मैं इनके सामने झुकने वाला नहीं, चाहे वो मेरी जितनी मर्ज़ी फर्ज़ी जांच करवा लें। सीएम ने कहा कि मैं भी उन्हें चैलेंज देता हूं कि जैसे पिछली सारी जांचों में कुछ नहीं निकला, वैसे ही अगर इस जांच में भी कुछ नहीं निकला तो क्या झूठी जांच करने के जुर्म में इस्तीफा देंगे? केंद्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास की सीबीआई जांच कराने के आदेश दिए जाने संबंध में गुरुवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह कोई पहली बार जांच नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री आवास की सीबीआई से जांच कराना, ये दिखाता है कि प्रधानमंत्री जी घबराए हुए हैं। यह उनकी घबराहट दिखाता है। प्रधानमंत्री जी अभी तक 50 से अधिक जांच करा चुके हैं। कभी कहते हैं कि शराब घोटाला हो गया, कभी कहते हैं कि केजरीवाल ने बस घोटाला कर दिया, कभी कहते हैं कि स्कूल घोटाला कर दिया। कभी कहते हैं कि केजरीवाल ने सड़कों का घोटाला कर दिया।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब तक इन्होंने मेरे उपर 33 से ज्यादा केस किए और सारी जांच करा ली है। जब से मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री बना हूं, तब से ये मेरे खिलाफ केवल जांच ही कर रहे हैं और अभी तक इनको कुछ नहीं मिला है। अब इन्होंने एक नई जांच शुरू की है। इस जांच का भी स्वागत करता हूं। जैसे पहले इनको कुछ नहीं मिला, वैसे ही इस जांच में भी इनको कुछ नहीं मिलने वाला है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक चौथी पास राजा से आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं। ये 24 घंटे केवल और केवल जांच का खेल करते रहते हैं या फिर केवल भाषणबाजी करते रहते हैं। ये काम तो कुछ करते नहीं हैं।



**अब इन्होंने सीएम आवास की सीबीआई जांच शुरू करवा दी, जो दिखाता है कि प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं। मेरे खिलाफ जांच कोई नई बात नहीं है। अभी तक मेरे खिलाफ पिछले 8 साल में 50 से ज्यादा मामलों में जांच करवा चुके हैं : अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री**

# समाज के हर वर्ग के लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी अकीदत के साथ मनाते हैं : इमरान हुसैन

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के खाद आपूर्ति मंत्री और बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने मरकजी अंजुमन ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इससे पहले बाड़ा हिंदू राव में एक सभा की गई। जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन, अंजुमन के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अहमद और संयोजक हाजी मोहम्मद शमीम कुरैशी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर खाद्य पूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में ईद मिलाद-उन-नबी खुशियों का त्योहार माना गया है। इस्लामिक कैलेंडर में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया जाता है। हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर इस दिन हम सबको पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करते हुए उनके द्वारा दी गई सीख को अमल में लाने का संकल्प लिया जाता है। श्री इमरान हुसैन ने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी, प्रेम व भाईचारा के बीच यह त्योहार मनाया जा रहा है। समाज के हर वर्ग के लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी अकीदत के साथ मनाते हैं। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अपनी ओर से दिल्ली के लोगों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर ने एक इंसान के रूप में जन्म लेकर और मानव समुदाय और मानवता को बेहतर बनाने का पैगाम दिया। ईद मिलाद उन नबी के मौके पर जुलूस पहाड़ी धीरज, सदर बाजार, कुतुब रोड, खारी बावली, फतेहपुरी, लालकुंआ, चावड़ी बाजार होते हुए जामा मस्जिद तक पहुंचा। इस दौरान इस्लाम के पैगंबर पर सलाम पढ़ा गया और तबररुकात की जियारत कराई गई।



## सार संक्षेप

### वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय, बनी दुनिया की पहली स्पेस कनेक्टिविटी कंपनी

**नई दिल्ली।** दुनिया के अग्रणी सैटेलाइट ऑपरेटरों में से एक, यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ए यूरोनेक्स्ट पेरिसः ईटीएल कंपनी ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट एलईओ सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की। यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की आर्डिनरी और एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष सह-अध्यक्ष होंगे और श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है।

### मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने नए स्टोर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वैलरी रीटेलर मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स जिसके 11 देशों में 330 से अधिक आउटलेट्स हैं ने मुंबई के अंधेरी ईस्ट में इंडिया ऑपरेशन्स के सेंट्रलाइज़्ड बेस मालाबार नेशनल हब एम-एनएच का लॉन्च किया है। इस आधुनिक युनिट का उद्घाटन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस द्वारा किया गया गया। इस मौके पर एम पी अहमद, चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, विजय दारदा, पूर्व संसद सदस्य एवं चेयरमैन, लोकमत मीडिया ग्रुप, के पी अब्दुल सलाम, वाईस चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, अशेर ओ, एमडी-इंडिया ऑपरेशन्स, मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स, ग्रुप एक्ज़िक्टिव डायरेक्टर एके निशाद, के पी वीरंकुट्टी, मायिनकुट्टी, अब्दुल माजिद, एकके फैज़ल, अब्दुल्ला वेस्ट रीजनल हैड, फंज़ीम अहमद तथा अन्य आधिकारिक दिग्गज, मालाबार ग्रुप की मैनेजमेन्ट टीम के सदस्य और शुभचिंतक भी मौजूद थे। एम-एनएच के उद्घाटन पर बात करते हुए एम.पी. अहमद, चेयरमैन, मालाबार ग्रुप ने कहा कि हम अपनी यात्रा के 30 भव्य वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मालाबार नेशनल हब की ओपनिंग हमारे लिए गर्व का अवसर और उल्लेखनीय उपलब्धि है।

### हृदय रोग से निपटने में सहायक है स्वस्थ मार्गदर्शिका का पालन : डॉ.सतबीर सिंह

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में हृदय रोग से पीडितों की संख्या काफी है, जिनमें भारत में इसकी गिनती तेजी से बढ़ रही है। हृदय रोग के तेजी से प्रसारित होने के पीछे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तनाव जैसे आम कारक शामिल हो सकते हैं। जिन पर नियंत्रण करके हम हृदय रोग से खुद को बचा सकते हैं। इस बारे में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतबीर सिंह कहते हैं कि दुनिया भर में हृदय रोग से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के चलते आम जीवन के लिये जागरूकता बहुत जरूरी है, क्योंकि जागरूकता, स्व देखभाल को बढ़ावा देती है। अगर आप अपने हृदय का खुद ख्याल रखते हैं तो यह बेहतर परिणाम लेकर आता है, और हृदय की देख-रेख करना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को अच्छा रखता है। प्रति दिन 30 मिनट की तेज सैर करें। अपने लिये निर्देशित दवा को समयानुसार लें, और समय पर चिकित्सक से मिलकर अपने स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के बारे में सुझाव लें। हर रोज 7-8 घंटे की नींद लें। योग एवं ध्यान के साथ तनाव को कम करें।

**बेदखली/सूचनार्थ**

मैं, जसबीर सिंह, सुपुत्र स्व. श्री सुरजीत सिंह, पत्नी जीत कौर, निवासी S-221/8, विष्णु गार्डन नई दिल्ली 18 । सूचनार्थ है कि मेरे पुत्र जस्मीत सिंह और उसकी पत्नी बलजीत कौर उनके दोनो बच्चों एव भविष्य में होने वाले। सभी को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति ओर सभी रिलेशन से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं, क्योंकि दोनो रीति रिवाजों के अनुरूप न चलने व गलत आचरण रखते हैं। जस्मीत सिंह एवं उनके परिवार के साथ कोई भी व्यवहार रखेगा वो स्वयं जिम्मेदार होगा।

# सीनियर केयर उत्पादों के स्टार्टअप के प्रति मंत्रालय प्रतिबद्धत : डॉ. सौरभ

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया एएसएलआई ने एक नए विश्वस्तरीय प्रोग्राम की घोषणा की है जो भारत के सीनियर केयर इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव लाने में सक्षम है, जिसे अक्सर 'सिल्वर इकोनॉमी' कहा जाता है। 17 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में होने वाला चौथा एएसएलआई एजिंग फेस्ट, सीनियर केयर सेक्टर के भीतर अपार विकास क्षमता और ये इनवेस्टमेंट के शानदार मौकों को सामने लाने के लिए तैयार है। इस ऐतिहासिक प्रोग्राम की आधिकारिक तौर पर घोषणा सौरभ गर्ग, सचिव, डिपार्टमेंट ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पॉवरमेंट की उपस्थिति में द इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्डर पर्संस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई। यहां अपने मुख्य भाषण में, डिपार्टमेंट ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पॉवरमेंट के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने सीनियर केयर उत्पादों और सेवाओं के उद्यम व स्टार्टअप का समर्थन करने के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ. गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रालय ने इस उद्देश्य के अंतर्गत धन आवंटित किया है और इस में अधिक से अधिक स्टार्टअप की भागीदारी की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि वरिष्ठ देखभाल क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करके, उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाया जा सकता है, साथ ही मौजूदा आपूर्ति अंतर को भी संबोधित किया जा सकता है।

आदर्श नरहरि, चेयरमैन, एएसएलआई और मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राइमस सीनियर लिविंग ने इस मौके पर सटीक टिप्पणी करते हुए कहा कि हम सीनियर केयर सेक्टर से जुड़े सभी लोगों को एक साथ ला रहे हैं। भारत में बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एजिंग फेस्ट 2023 भारत की जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए एक सही समय पर रिस्पांस देने वाले प्रमुख सेक्टर के तौर पर काम करता है।

## एआर की मदद से जॉनसन्स बेबी देगा उत्पादों की जानकारी

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। बच्चों की त्वचा की देखभाल के उत्पादों के क्षेत्र की पायनियर, जॉनसन्स बेबी ने अपने 'प्रॉमिस, पहले पल से' को रेखांकित करने के लिए अपने बेबी स्किनकेयर उत्पादों की श्रेणी में 100 प्रतिशत इंग्रेडिएंट पारदर्शिता लायी है। इस नए लॉन्च से उत्पादों के भीतर क्या है, उनके फायदों और बच्चों के लिए सुरक्षित इंग्रेडिएंट और उनकी योग्यताओं को जानना, समझना माताओं के लिए आसान होगा। नए माता-पिता जानकारीपूर्ण निर्णय ले पाएंगे और अपने बच्चों के लिए सही उत्पाद चुन पाएंगे। उत्पादों के 100 प्रतिशत बेबी सेफ इंग्रेडिएंट्स की जानकारी माताएं पा सकें इसके लिए जॉनसन्स बेबी ने पूरी दुनिया में पहली बार ऑगमेंटेड रियलिटी इनोवेशन प्रस्तुत किया है। किसी भी शहर में प्रमुख रिटेल आउटलेट में जाकर एआर का इस्तेमाल करके रियल टाइम इंटरैक्टिव अनुभव पाया जा सकता है और जॉनसन्स बेबी उत्पादों के भीतर क्या है, इंग्रेडिएंट्स क्या हैं और उनके फायदें क्या हैं आदि समझा जा सकता है। इस लॉन्च से भारत पूरी दुनिया में ऐसा मार्केट बना है जहां जॉनसन्स बेबी के प्रमुख उत्पादों में एआर इनोवेशन का अनुभव लिया जा सकता है।

# मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एम्पावर सेंटर की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी, आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट ने दिल्ली के लाजपत नगर में एमपावर – द सेंटर' के लॉन्च के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस केंद्र का शुभारंभ आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट और एमपावर की संस्थापक और चेयरपर्सन, डॉ. नीरजा बिड़ला और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक, डॉ. एम. श्रीनिवास ने किया, जिन्होंने अपनी वर्चुअल उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। केंद्र का शुभारंभ, दिल्ली के निवासियों को समग्र और बहु-विषयक मल्टीडिसिप्लिनरी मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करने की एमपावर के सफ़र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर, डॉ. नीरजा बिड़ला ने 'सुइसाइड प्रिवेंशन टूलकिट – होप' आत्महत्या रोकथाम टूलकिट -होप का भी अनावरण किया, जो एक व्यापक और बेशकीमती संसाधन है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या के जोखिम के जटिल आयामों से निपटना। इस सेंटर में छह परामर्श कक्ष, एक स्पीच थेरेपी कक्ष, एक ऑक्यूपेशनल थेरेपी कक्ष और अनुभवी मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सकों, चिकित्सक और परामर्शदाताओं की एक टीम से सुसज्जित है। एमपावर- द सेंटर, एक सुरक्षित माहौल में दिल्लीवासियों की मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतें पूरी करेगा। एमपावर की संस्थापक एवं चेयरपर्सन डॉ. नीरजा बिड़ला ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि दिल्ली में रहने वाली लगभग आधी आबादी के मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होने का खतरा है, जो भयानक तनाव के बोझ तले दबे हुए हैं। ऐसे में, निश्चित रूप से समग्र मानसिक स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता है।



# दिल्ली में महिला से 10.5 लाख रुपए वसूलने व ब्लैकमेल करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक महिला की 'अश्लील तस्वीरें' अपलोड करने की धमकी देकर उससे कथित तौर पर 10 लाख रुपए से अधिक की उगाही करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान भलस्वा डेयरी निवासी 27 वर्षीय सौरव के रूप में हुई है जो कैश कलेक्शन एजेंट के रूप में काम करता है, और 22 वर्षीय मनीष एक होटल का मैनेजर है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने साइबर पोर्टल पर दो लोगों के खिलाफ जबरन वसूली की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया कि करीब दो-तीन साल पहले उसने एक इंस्टाग्राम आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार की थी। विश्वास हासिल करने के बाद आरोपी ने कथित तौर पर पीड़िता से रिवीलिंग तस्वीरें साझा करने के लिए कहा। रोहिणी के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने कहा, 'इसके बाद आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर उससे 10.5 लाख रुपए ऐंठ लिए। जांच के दौरान पता चला कि दोनों शख्स दिल्ली के बादली और भलस्वा इलाके से ऑपरेट कर रहे थे। डीसीपी ने कहा कि तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उनकी पहचान सौरव और मनीष के रूप में हुई। छापेमारी की गई और आरोपियों को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।



लगातार पूछताछ करने पर सौरव ने खुलासा किया कि उसने एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी और इंस्टाग्राम पर लड़कियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता था।

लड़कियों का विश्वास हासिल करने के बाद वह उनकी अश्लील तस्वीरें लेता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल करता था। वह उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने की धमकी देता था। वर्तमान मामले में भी उसने ऐसा ही किया और शिकायतकर्ता से 10.5 लाख रुपये वसूले। डीसीपी ने आगे कहा कि उसे अपने बैंक खाते के साथ-साथ अपने सहयोगी के बैंक खाते में भी उगाही की गई धनराशि प्राप्त हुई।

## दिल्ली में हत्या के मामले में वांछित अपराधी उप्र से गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक वांछित अपराधी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। यह अपराधी राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य की हत्या के बाद पिछले एक साल से फरार था। आरोपी की पहचान शाहबाद डेयरी इलाके के रहने वाले मोहम्मद सोहेल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, साल 2022 में सोहेल ने सह-आरोपी रोहित, रोहित के चाचा श्रीकृष्ण, राजकुमार, राकेश उर्फ राजू, उसके दोस्त सचिन, गंगाराम उर्फ काला, दीपक और अभिनाश के साथ मिलकर रोहिणी सेक्टर-25 निवासी संदीप उर्फ पाजी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। साल 2016 में रोहित के चाचा और दीपक ने सचिन राठी की हत्या कर दी थी। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, 'संदीप, अजय मोदी, प्रकाश, दीपक और चेतन मृतक सचिन राठी के करीबी सहयोगी थे। वे आरोपी रोहित और उसके अन्य साथियों के मामा से बदला लेना चाहते थे।' उन्होंने यहां तक धमकी दी थी कि या तो वे रोहित के मामा या उसके भाई में से किसी एक को मार देंगे। रोहित और उसके मामाओं ने मृतक संदीप के शाहबाद डेयरी के एक किन्नर से रिश्ते पर भी आपत्ति जताई थी। साल 2022 में सोहेल ने अपने दोस्त रोहित और अन्य साथियों के साथ मिलकर संदीप पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था।



नई दिल्ली में धूमधाम से गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते लोग।
छाया : इम्तियाज खान

**शुरुआत** *शिक्षा निदेशालय ने 'डीओई निरीक्षण' ऐप की शुरुआत की*

# छात्र व शिक्षक ऐप से सीधे भेज सकेंगे अपनी शिकायत

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के सरकारी के स्कूलों के छात्र और शिक्षक मोबाइल एप्लिक्शन के माध्यम से सीधे विभाग को स्कूल व पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सुझाव व शिकायत भेज सकेंगे। इस बाबत शिक्षा निदेशालय ने 'डीओई निरीक्षण' ऐप की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने इस मोबाइल एप्लीकेशन को लॉन्च किया। यह इनोवेटिव एप्लिकेशन छात्रों और शिक्षकों को स्कूल से संबंधित समस्याओं को उठाने और स्कूल प्रशासन द्वारा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाने को लेकर डिज़ाइन किया गया है।**

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, 'शिक्षा विभाग का यह तकनीकी हस्तक्षेप स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेज़ी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगा। डीओई निरीक्षण ऐप हमारे स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षक व विद्यार्थी स्कूल में महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में भूमिका निभाते हैं, वे सीधे विभाग तक अपने सुझावों और शिकायतों को भेज सकते है।'

उन्होंने कहा कि इनके सुझावों के साथ हमें अपने स्कूलों में ज़रूरी बदलाव लाने में मदद मिलेगी। इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा सकेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली सरकार छात्रों और शिक्षकों के जीवन को आसान बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेप शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। डीओई निरीक्षण ऐप के साथ रोज़मर्रा में स्कूल में आने वाली चुनौतियों का सामना करने वाले छात्र इन मुद्दों को आसानी से अपने प्रिंसिपल के ध्यान में ला सकते हैं। छात्रों और शिक्षकों को अपनी चिंताओं के समाधान के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। छात्र और शिक्षक समान रूप से अपने स्कूलों से संबंधित किसी भी प्रकृति के प्रश्न और शिकायत दर्ज करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। एक बार जब उनकी समस्याएं सबमिट हो जाती हैं, तो वे ऐप के भीतर अपने शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। शिकायतों और प्रश्नों से निपटने की पूरी प्रक्रिया की क्षेत्रीय, जिला और मुख्यालय स्तर पर डीडीई द्वारा बारीकी से निगरानी की जाती है। छात्र व शिक्षक इस एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है। इंस्टालेशन पर, उपयोगकर्ताओं को ड्रॉपडाउन सूची से अपना 'लॉगिन प्रकार' चुनना होगा, जिसमें छात्र, शिक्षक, स्कूल, डीडीई और मुख्यालय जैसे विकल्प शामिल हैं। इ

सके बाद उपयोगकर्ता अपने संबंधित छात्र या शिक्षक आईडी दर्ज करके आगे बढ़ सकते हैं। डैश बोर्ड पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। साथ ही वो समस्या से जुड़ी फोटो भी ऐप पर अपलोड कर सकते हैं।

शिक्षा विभाग का मानना है कि दिल्ली सरकार का डीआई निरीक्षण ऐप शिक्षा प्रणाली के भीतर पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करेगा। स्टेकहोल्डर्स के बीच सीधे संचार को बढ़ावा देकर, यह दिल्ली में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र व शिक्षक दोनों ही गूगल प्ले स्टोर से यह ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।



**शिक्षा मंत्री आतिशी ने मोबाइल एप्लीकेशन को लॉन्च किया**

**'शिक्षा विभाग का यह तकनीकी हस्तक्षेप स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेज़ी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगा: आतिशी, शिक्षा मंत्री**

## लूट-हत्या के आरोप में दो नाबालिगों समेत पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक व्यक्ति को लूटने और उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय इकराम उर्फ मुल्ला, 24 वर्षीय दुर्गेश मिश्रा उर्फ सोनू, 23 वर्षीय सुनील उर्फ लेफ्टी और नाबालिगों के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के मुताबिक, मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात सभी आरोपियों ने शराब पी और लूटपाट का प्लान बनाया। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा, 'शराब के नशे में उन्होंने दो राहगीरों पर चाकू, लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में सिद्धू ने दम तोड़ दिया, जबकि उसके दोस्त मनीष को गंभीर चोटें आईं। मनीष को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' जांच में पता चला है कि सिद्धू और मनीष पीने के पानी की सप्लाई का कारोबार करते थे। विशेष पुलिस आयुक्त आगे कहा कि घटना के वक्त वे अपना बकाया भुगतान लेने जा रहे थे। इसी बीच आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। मामले में शामिल दो नाबालिगों के बारे में विशेष जानकारी मिली। पुलिस ने सूचना के स्थान पर छापेमारी कर दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "26 सितम्बर को थाना मसूरी पर मृत महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 सितम्बर को उसकी पत्नी तथा उसी गांव की एक अन्य महिला नाहल गांव का किनारा जो दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे से मिलता हुआ है वहां पर घास काट रही थी। उसी समय बाइक पर आते हुए एक व्यक्ति द्वारा बाइक रोककर अश्लील हरकते की गई।

विवेक कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण

# नोएडा में हेलीकॉप्टर से होगी चार धाम की यात्रा

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड पर आगामी सप्ताह निर्णय हो जाएगा। इसके बाद कंपनी को निर्माण की जिम्मेदारी दे दी जाएगी। अगले एक साल में निर्माण पूरा होने के साथ यहां से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। ये सेवा आपको और नोएडावासियों को चार धाम के अलावा प्रदेश के तीर्थ स्थलों तक लेकर जाएगी। वहां से उड़ान वापस भी आएंगी।

- **नोएडा से 500 किमी का एरिया होगा कवर**
- **पहले फेज में 3 हेलीकॉप्टर उड़ेंगे**

प्राधिकरण ने बताया कि तय रूटों में जिन तीर्थ स्थली को शामिल किया है उनमें नोएडा से मथुरा, यमुनोत्री, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, जोशीमठ, उत्तरकाशी, अयोध्या शामिल है। इन सभी हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा टूरिस्ट प्लेस में आगरा, मसूरी, पंतनगर, नैनीताल, श्री नगर, गोचर, अल्मोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, जयपुर, चंडीगढ़, ओली, रामपुर, मंडी, अजमेर, मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी को शामिल किया गया है। खास ये है यहां से देश का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर बेल 412 (12 सिटर) भी उड़ान भरेगा।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह ने बताया कि हेलीपोर्ट की फाइनेनशियल बिड को आगामी सप्ताह शासन स्तर से मंजूरी मिल सकती है। टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ एक कंपनी आई हुई है, ऐसे में शासन स्तर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी।

हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर नोएडा प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरू की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई हुई है। इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। टेंडर में सिर्फ एक कंपनी रिफैक्स एयरपोर्ट एवं ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड आई थी।

**देश के इन शहरों तक हो सकेगा हवाई सफर**

100 से 200 किमी में मथुरा आगरा

200 से 300 किमी में मसूरी, यमुनोत्री, पंतनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, श्री नगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार जयपुर, चंडीगढ़, ओली 300 से 400 किमी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री , जोशीमठ, रामपुर, मंडी, अजमेर 400 से 500 किमी मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या।

## पीपीपी मॉडल पर तैयार होगा हेलीपोर्ट

हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरु की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई थी। यह परियोजना बड़ी है, ऐसे में शासन से मंजूरी लेना जरूरी है। होने वाली बैठक में कंपनी की आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाएगा। शासन स्तर पर मंजूरी मिलते ही तीन-चार महीने में मौके पर काम शुरू करा दिया जाएगा। पहले फेज में तीन हेलीकॉप्टर चलाए जाएंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर की संख्या में इजाफा किया जाएगा।

**43.13 करोड़ रुपए की है योजना**

नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी। इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपातकाल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा।



## जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से करें कॉल वापस : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम के अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे जनप्रतिनिधियों की कॉल बैक जरूर करें और उनकी उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का निश्चित रूप से निस्तारण कराए।

जनप्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त के समक्ष विभागीय अधिकारियों द्वारा कॉल न उठाने का विषय रखा था। जिसपर नगर आयुक्त ने निर्देश देते हुए समस्त निगम अधिकारियों को कॉल रिसीव करने तथा किसी परिस्थिति में रिसीव न कर पाने पर कॉल बैक करने के कड़े निर्देश दिए हैं तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई समस्या को 1 घंटे के भीतर समाधान करने के लिए भी अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

## महिला को अश्लील हरकतें करने वाला सीआरपीएफ का पूर्व जवान गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना मसूरी पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है। किसने दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर खड़े होकर नीचे खेतों में घास काट रही महिलाओं को अश्लील हरकतें करते हुए छेड़ा था यह युवा के सीआरपीएफ का पूर्व जवान है

- **युवक का पीछा करते हुए दुर्घटना में महिला की हो गई थी मौत**

और मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। जब यह युवक एक्सप्रेस वे से लगे नाल गांव के जंगल में घास काट रही महिलाओं को अश्लील इशारे कर रहा था तो एक महिला इसका पीछा करते हुए एक्सप्रेस एक्सप्रेस वे पर चढ़ गई थी तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी यह युवक मोटरसाइकिल से फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक कुमार यादव ने बताया कि 26 सितम्बर को थाना मसूरी पर मृत महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 सितम्बर को उसकी पत्नी तथा उसी गांव की एक अन्य महिला नाहल गांव का किनारा जो दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे से मिलता हुआ है वहां पर घास काट रही थी। उसी समय बाइक पर आते हुए एक व्यक्ति द्वारा बाइक रोककर अश्लील हरकते की गई जिससे क्षुब्ध होकर महिला उसके पीछे भागी तथा सामने से आती हुई एक कार से महिला का एक्सीडेन्ट हो गया। महिला को तुरन्त ही कार सवार लोगो द्वारा अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जिसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना का संज्ञान लेते हुए सीसीटी फुटेज खंगाले गए, सभी तथ्यो की जानकारी की गई तो प्रकाश में आया कि मुरादनगर निवासी अंकित चौधरी ने अश्लील हरकते की थी। जब महिला इसके पीछे भागी तब उनका एक्सीडेन्ट हो गया था। अंकित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही जिस कार से एक्सीडेन्ट हुआ था उसको भी चिन्हित कर लिया गया है।




## सार संक्षेप

### धूमधाम से गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**नोएडा।** नोएडा में धूमधाम से गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के लिए 10 स्थानों पर कृत्रिम तालाब बनाए गए थे। विसर्जन के बाद इन सभी को मिट्टी डालकर बंद कर दिया जाएगा। विसर्जन देर शाम तक किया गया। कई तालाबों पर रात में विसर्जन करने का दौर जारी रहा। यहां लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। जिससे श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं हुई। पुलिस व्यवस्था के अलावा प्राधिकरण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। सभी स्थानों पर गाजे बाजे और ढोल के साथ गणपति की मूर्ति लेकर तालाब पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद लोगों ने प्रतिमा का विसर्जन किया। नोएडा में मोदी मॉल के पास सेक्टर-25ए नोएडा स्टेडियम के सामने, सेक्टर-46 स्थित वाणिज्यिक भूखंड संख्या ए-548बी, व्यवसायिक भूखंड सी-57 सेक्टर-62 नोएडा, सेक्टर-116 के मास्टर ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-120 के मास्टर ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-110 सामुदायिक केंद्र के सामने बने तालाबों में विसर्जन किया गया।

### मोबाइल स्नेचिंग में असफल होने पर बाइक छोड़ भागे बदमाश

**नोएडा।** बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार को सिग्नेचर ब्रिज से पहले ऑटो सवार युवक से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बदमाश बाइक छोड़कर भाग गए। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची सेक्टर-113 पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौड़ चौक से युवक मोबाइल पर बात करते हुए ऑटो में बैठा। ऑटो चलने के बाद बाइक सवार दो युवक पीछे लग गए। उन्होंने ऑटो सवार युवक का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। ऑटो चालक के कट मारने पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक को चाबी के साथ छोड़कर पैदल भाग गए। एक बदमाश के हाथ में चोट भी लगी। डीसीपी नोएडा जोन हरीश चंदर ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। उसमें नंबर प्लेट नहीं लगी थी। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मलिन बस्तियों में सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

**बुलंदशहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मलिन बस्तियों में घर-घर संपर्क कर भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अभियानों की चर्चा की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने बिरहुली मंडल के गांव खगुवाबास मंडावर हसनपुर जागीर वह हमीदपुर दलित बस्ती में संपर्क किया। इस दौरान विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने भाजपा सरकार में अनुसूचित जातियों के लिए केंद्र और प्रदेश द्वारा किए जा रहे कार्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ही अनुसूचित जातियों की सच्ची तैसी है भाजपा के शासन में ही अनुसूचित जातियों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है और सम्मान बड़ा है विलसुरी मंडल संयोजक सोनू वर्मा, अरुण प्रजापति, मनोज शर्मा, वीरेंद्र यादव, ललित कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।



## सीएनजी भरवाने को लेकर दो पक्षों में झड़प

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-51 स्थित सीएनजी पंप पर सीएनजी भरवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। ये घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस से शिकायत की है। 3 से 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

- **पंप पर गैस भरने की वजह से थोड़ी देरी**
- **पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज**

पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि दो गाड़ियां आगे पीछे खड़ी थी। सीएनजी पंप पर गैस भरने की वजह से थोड़ी देरी हो गई। इसके बाद एक पक्ष की ओर से इसका विरोध किया। दोनों पक्षों में बहस हुई और बात मारपीट तक आ गई। पीड़ित नीरज भार्गव है। इनको चोट आई है। नीरज सेक्टर-72 में रहते है और प्राइवेट जॉब करते है। उन्होंने कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस में शिकायत दर्ज की है।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो व्यक्ति पहले नीरज के साथ बातचीत करते है। इसके बाद दोनों मिलकर उसे पटक देते है। नीरज वहीं पर गिरे पड़े रहते है। इसके बाद दोनों नीरज को उसी हालत में छोड़कर चले जाते है। पेट्रोल पंप कर्मियों ने भी इसका विरोध नहीं किया और न बीचबचाव किया। किसी तरह नीरज अस्पताल जाते है और पुलिस को मामले की सूचना देते है।

**आरोपियों की कार को ट्रेक कर पकड़ने का प्रयास**

आरोपी जिस कार से आए थे उसमें टेंप्रेरी नंबर है। ऐसे में उसे ट्रेक करना थोड़ा मुशकिल हो रहा है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं नीरज को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

## कांग्रेस नेता सतीश शर्मा ने जीडीए से की विकास शुल्क कम करने की मांग

**गाजियाबाद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश शर्मा ने डासना क्षेत्र में जीडीए द्वारा निर्धारित किए गए विकास शुल्क को कम करने की मांग की है।



इस संबंध में उन्होंने जीडीए उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक को पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि डासना धौलाना विधानसभा क्षेत्र में आता है जो सी कैटेगरी का क्षेत्र है। जीडीए ने डासना नगर पंचायत क्षेत्र में 3800 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से विकास शुल्क निर्धारित किया है। जबकि पड़ोसी जनपदों में मेरठ हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण द्वारा यह शुल्क मंत्र 850 रुपए वसूल किया जाता है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि जीडीए द्वारा यह निर्णय डासना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। यह शुल्क कम किया जाना चाहिए।

## एक अक्टूबर को महाश्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की ओर से आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा थीम बेस्ड एक्टीविटीज के निर्देश पर नोएडा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा के तहत महाश्रमदान कार्यक्रम का आयोजन एक अक्टूबर को मनाया जा रहा है। ये कार्यक्रम नोएडा में एक साथ 70 स्थानों पर किया जाएगा। जिसमें शहर की गंदगी को गणमान्य व्यक्तियों के साथ नोएडा प्राधिकरण के स्टॉफ, आरडब्ल्यूए, नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन, फोनरवा, नोफा, नोवरा, नोएडा सिटीजन फोरम, डीडीआरडब्ल्यूए को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा शहर के सभी लोग भी इस महाश्रम दान का हिस्सा रहेंगे। महाश्रमदान कार्यक्रम सुबह 10 से 11 बजे तक होगा। जिसमें सभी प्रतिभागियों द्वारा मास्क, ग्लब्स पहनकर 70 स्थलों पर सफाई की जाएगी। जिसमें सफाई से पहले और बाद दोनों की फोटोग्राफी भी की जाएगी। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर नोएडा को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नंबर एक रैंक बनाने में सहयोग करे।

- **70 स्थानों पर चलाया जाएगा सफाई अभियान**

**इन स्थानों पर किया जाएगा महाश्रमदान**

सेक्टर-1,4,5,6,9,10,11,14,55 नयाबांस, सेक्टर-18, 19, 26,31, 36,37 अट्टा, हरजन बस्ती, 39,41, 43,44, 46,47,51,99, 100 अगाहपुर, सदरपुर, बरौला सेक्टर-62,63,65 बहलोलपुर, रसूलपुर नवादा सेक्टर-22, 33,34, 53,59,78,112,122,118,80,81 फेस-2, हौजरी कांप्लेक्स, नगला चरणदास, इलाबांस, भूड़ा, सेक्टर-82,93,104 शहदरा, गेझा, 94,124,126,132, रायपुर, बख्तावरपुर, सुल्तानपुर, माहियापुर, नगलीसाकपुर, नलगढ़ा, झट्टा, कामबख्शपुर बौर बादौली शामिल है।

## श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा ने रामलीला के मंचन के लिए कराया भूमि पूजन

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-46 स्थित रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी के द्वारा गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर शहर की गणमान्य लोगों के अलावा भाजपा, सपा, कांग्रेस आदि पार्टियों के पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार की रामलीला में कई ऐसे कलाकार भाग ले रहे हैं। जिनके द्वारा बेहतर रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला महोत्सव का मंचन 15 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा, 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ होगा। वही 24 अक्टूबर को रावण दहन किया जाना है, पंडित कृष्ण स्वामी ने विधि विधान से गणेश के आवाहन के साथ नवग्रह पूजन कराया, उसके उपरांत भगवान राम लक्ष्मण सीता जी और हनुमान जी का पूजन कराया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया और उसके साथ-साथ वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन और कुमारी पूनम सिंह ने रामलीला स्थल पर हनुमान जी की पताका भी स्थापित की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, नोएडा महानगर अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता, विकास बंसल, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, कुलदीप गुप्ता, राधा कृष्ण गर्ग, अशोक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



## रामलीला समाज उत्थान के लिए बेहद जरूरी : राजीव शर्मा

- **प्रताप विहार सेक्टर-12 के पार्क में श्रीरामलीला का हुआ भूमि पूजन**

**गाजियाबाद,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। माता जानकी रामलीला कमेटी प्रताप विहार सेक्टर 12 के पार्क में श्रीरामलीला की भूमि पूजन का पवित्र कार्य शास्त्रोक्त विधि विधान से किया गया। गाजियाबाद नगर निगम के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। राजीव शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थानीय निवासियों के प्रयास से विजय नगर में रामलीला मंचन जैसा पुनीत कार्य होने की मुझे बेहद खुशी है। जो समाजोत्थान के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस सुकृत्य के लिए कमेटी का आभार प्रकट किया।

अपने सम्बोधन में संरक्षक पूनम सिंह ने कहा कि कमेटी का यह प्रयास सराहनीय है और मेरा यथासंभव सहयोग कमेटी को हर समय मिलता रहेगा। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आरके आर्य ने मंच संचालन किया। पार्षद ओमप्रकाश सिंह, देवनारायण शर्मा, संतोष राणाजी, कन्हैया कुमार, महेश कुमार शर्मा, देवदत्त शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए।



## राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत नोएडा सेक्टर-122 में पोषण उत्सव का आयोजन

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा सेक्टर-122 में पोषण उत्सव का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि आयोजित पोषण उत्सव में पोषण संबंधी पोस्टर, रंगोली के माध्यम से पोषण के संदेश जन समुदाय में प्रसारित किए गए। पोषण उत्सव में 9 महिलाओं की गोदभराई, 9 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा श्री अन्न से निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी लगा लोगो को दैनिक आहार में श्री अन्न को सम्मिलित करने के लिए सलाह दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित किया गया।

गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को संतुलित आहार एवं पर्याप्त आराम की सलाह दी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना शहर की मुख्य सेविकाओं सहित भारी मात्रा में आंगनवाड़ी वर्कर्स उपस्थित रही।

## बल्देव छट मेले के अंतिम दिन महाकाली की शोभा यात्रा देखने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जेवर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दाउजी मंदिर परिसर में चल रहे आठ दिवसीय 164वें बलदेव छट मेले के अंतिम दिन गुरुवार को काली आखाड़ा प्रदर्शन को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बैंड बाजों की धुनों के साथ टप्पल रोड स्थित जैन अस्पताल से महाकाली की शोभायात्रा एवं श्री कृष्ण बल्देव का डोला व सुन्दर झांकियों का शुभारंभ किया गया जो टप्पल रोड, खुर्जा रोड, मुख्य चौराहा व मुख्य बाजार होते हुए श्री दाउजी मंदिर पहुंची जहां पर मंदिर प्रांगण में काली अखाड़ा प्रदर्शन के साथ समापन किया गया। महाकाली की शोभायात्रा को देखने के लिए हजारों महिला व पुरूष सड़कों व छतों पर डटे रहे।

- **बैंड बाजों व सुन्दर सुन्दर झांकियों के साथ श्री कृष्ण बल्देव का डोला निकाला गया**



लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पसीना बहाना पड़ा तथा शाम पांच से चार घंटे के लिए कस्बे में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर हल्के वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया।

श्री दाउजी मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष यशु शर्मा ने बताया कि बुधवार देर शाम तक चले कुश्ती दंगल में पहलवानों के बीच एक लाख की अंतिम कुश्ती को देखने के लिए दाउजी स्टेडियम कुश्ती प्रेमियों की भीड़ डटी रही। अंतिम कुश्ती में मोना पहलवान ने दानिश पहलवान को हराकर जीत हासिल की। विशाल कुश्ती दंगल के आयोजक विक्रम सिंह जाखड़ ने विजेता पहलवान मोना को एक लाख रूपए की नगद राशि व सेला देकर सम्मानित किया।

**भंडारे का आयोजन-** भक्तों व समाजसेवियों द्वारा नगर में अनेक स्थानों पर गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया तथा अन्नकुट का प्रसाद वितरित किया गया।

श्री दाउजी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने विजेता झांकी को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया तथा आठ दिवसीय बल्देव छट मेले के शांतिपूर्ण समापन पर क्षेत्र की जनता, पुलिस व प्रशासन के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

## दिल्ली विसर्जन करने गए तीन भाई में दो की मौत

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा से दिल्ली के मयूर विहार गणेश विसर्जन करने गए दो सगे भाइयों की दलदल में फंसने से मौत हो गई। वहीं तीसरा भाई को गंभीर हालत में नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में भर्ती कराया गया है, वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी रजनीश वर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गई थी। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

- **तीसरे का अस्पताल में चल रहा इलाज**
- **एक अन्य को भेजा कैलाश अस्पताल**

एसीपी ने बताया कि नोएडा के निठारी गांव में गली नंबर-2 में परिवार रहता है। इसी परिवार के नीरज (15) कृष्ण (5) और सचिन (17) साल गणेश विसर्जन के लिए दिल्ली के मयूर विहार गए थे। यहां दलदल में तीनों फंस गए। इनके अलावा एक अभिषेक पुत्र नेतराम भी दलदल में फंसा था। किसी तरह सभी को निकालकर नोएडा के चाइल्ड पीजीआई लाया गया। यहां इलाज के दौरान नीरज (15) और कृष्ण (5) साल की मौत हो गई। वहीं सचिन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसका इलाज किया जा रहा है।

अभिषेक को इलाज के लिए कैलाश अस्पताल रेफर किया गया है। वहां उसका इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से नोएडा पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद नोएडा पुलिस भी मौके पर पहुंची है। फिलहाल जांच की जा रही है। वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

उवाच

आज की महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है वो समय गया जब महिलाओ को अबला कमजोर समझा जाता था उसने अब खुद की शक्ति और क्षमताओ को पहचानना शुरू कर दिया है। समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसी भी समाज का विकास समाज में महिलाओं की भागीदारी पर निर्भर करता है, अपनी परंपरा संस्कृति घर परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए भी जो महिलायें समाज के विकास हेतु प्रशंसनीय कार्य कर रही है वह एक प्रेरक है। **प्रीति यादव, डीसीपी महिला सुरक्षा**



# ग्रेनो प्राधिकरण में सामुदायिक केंद्र बुकिंग की जमानत राशि अब ड्राफ्ट में होगी जमा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। सामुदायिक केंद्र की बुकिंग में जमा की जाने वाली जमानत धनराशि की वापसी में आ रही दिक्कतों को दूर करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। अब जमानत धनराशि के रूप में ड्राफ्ट जमा कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने सेक्टर में सामुदायिक केंद्र बनाए हैं। इनका उपयोग करने के लिए निवासी किराए पर लेते हैं। किराए के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमानत राशि भी जमा करवाता है। अगर आयोजन के दौरान सामुदायिक केंद्र को कोई नुकसान पहुंचता है तो जमानत राशि से पैसा काटा जाता है। अक्सर कोई नुकसान नहीं होता है और बुकिंग करने वाला अपनी जमानत राशि वापस मांगता है। इस पैसे की वापसी में काफी समय लग जाता है। इसकी कई शिकायतें हैं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के पास भी पहुंची। अब इसके समाधान की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मेधा रूपम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि

■ **जमानत राशि की वापसी में आ रही समस्या दूर करने के लिए प्राधिकरण ने लिया निर्णय**

बुकिंग करने वालों से जमानत राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट लिया जाए ड्राफ्ट की जिम्मेदारी संबंधित वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक के पास रहेगी। आयोजन के बाद सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया जाएगा।

अगर सारी चीज ठीक होती है तो आवेदक को ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। अगर कोई नुकसान होता है तो उतनी धनराशि प्राधिकरण खाते में चालान के जरिए जमा कराया जाएगी और फिर ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। इस प्रक्रिया से जमानत राशि मिलने में समय नहीं लगेगा।

## सुपरटेक इकोविलेज-1 व 2 को नोटिस जारी, निर्माण अवैध ढांचा हटाने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सुपरटेक के परियोजनाओं पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की नजर टेढ़ी हो गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लगातार सुपरटेक के परियोजनाओं पर अवैध निर्माण से सम्बंधित नोटिस जारी कर रहा है। ताजा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट के परियोजना इकोविलेज-1 और इकोविलेज-2 का है जहां सुपरटेक ने अवैध निर्माण किया है और प्राधिकरण में नोटिस जारी किया है। ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-1 में इकोविलेज-1 परियोजना स्थित है। सोसाइटी निवासियों ने परियोजना के कामर्शियल मार्किट के लिए अवैध गेट खोलने और प्राधिकरण के ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण की शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से किया। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग ने पिछले 1 महीने में 3 अलग-अलग नोटिस भेजा है। पिछले महीने भेजी गई पहली नोटिस में ग्रेनो प्राधिकरण ने कामर्शियल मार्किट के सामने अनधिकृत रूप से बनाये गेट को 10 दिनों में हटाने का निर्देश दिया। आदेश का पालन न होने पर एक हफ्ते पहले ग्रेनो प्राधिकरण ने दुबारा से नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया है। एक दूसरी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ग्रेनो प्राधिकरण ने सुपरटेक इकोविलेज-1 परियोजना में बने दुकानों को अवैध बताया हुए 15 दिन में अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया है। ग्रेनो प्राधिकरण के नियोजन विभाग से जारी चिट्ठी के अनुसार परियोजना में बने दुकानों का प्राधिकरण से ओसी-सीसी लिए बिना कब्जा दिया गया है जो प्राधिकरण के नियमों के विपरीत है। ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16बी में इकोविलेज-2 परियोजना स्थित है। ग्रेनो प्राधिकरण की नजर इस परियोजना पर भी टेढ़ी हो गई है। ग्रेनो प्राधिकरण ने करीब दो हफ्ते पहले परियोजना के मार्किट के ओपन एरिया में अवैध तरीके से लगाए किओस्क को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। नोटिस में 10 दिन में अवैध किओस्क हटाना था। बिल्डर द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई इकोविलेज-2 परियोजना पर भी नहीं हुई है।

### जमीनी विवाद में युवक की हत्या मामला

# हत्यारोपी दादा व चाचा को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जेवर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव दस्तमपुर में पारिवारिक जमीनी विवाद में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपित दादा व चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में फरार चल रहे चचेरे भाई व चाची की तलाश जारी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि 19 सितम्बर को दस्तमपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते एक ही परिवार के लोगों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के नौ लोगों तथा दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। जिसमें मंगलवार को उपचार के दौरान ओमप्रकाश 22 की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा तरमीम कर आरोपित दादा रामेश्वर, चाचा प्रदीप, चचेरे भाई विनीत व चाची प्रेमलता पत्नी प्रदीप की तलाश शुरू की थी।

पुलिस ने रामेश्वर व प्रदीप को खुर्जा रोड पर गांव थोरा के समीप से हिरासत में लिया था जिन्हें गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

सार संक्षेप

### ईद मिलादुन नबी के मौके पर निकाला जुलूस



**जेवर।** कस्बा जेवर व जहांगीरपुर में गुरुवार को ईदुल मिलादुन्नबी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जहांगीरपुर कस्बे में ईद मिलादुन नबी के मौके पर जुलूस निकाला गया। जुलूस को खुर्जा से आये मुख्यथिति अनवर खां ने फीता काट कर शुरू कराया। जुलूस पुलिस बल की मौजूदगी में जामा मस्जिद से शुरू होकर मैन बाजार, मंदिर बस स्टेण्ड, कॉलेज बस स्टेण्ड होता हुआ जामा मस्जिद पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर अब्दुल वाहिद, कय्यूम खान, रिज़वान खान, शाहरुख इदरीसी, जमाल खां, महबूब खां, ईशाक मलिक, शादाब सलमानी, जहीर खां, असगर खां, गजेन्द्र मीणा, सुदेश प्रधान, बालेन्द्र कौशिक, अमित भाटी ऊर्फ रोनी, गौरव जादौन आदि मोजूद रहे।

### भाकियू ने डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर शोक व्यक्त किया

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए गुरुवार को बैठक का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह तालान ने हरित क्रांति के जनक तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन का निधन से किसान व कमेरा वर्ग स्वयं को अनाथ महसूस कर रहा है। किसानों के प्रति उनकी सोच ने किसान आंदोलन को नई दिशा दी। उनके निधन पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विमल तौमर, सुन्दर बालियान, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, वीरकरण सिंह, राजेश शर्मा व हरीराज सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा नॉलेज एंड इनोवेशन हब व नवाचार क्लस्टर गठन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने जिले में नोएडा और ग्रेटर नोएडा नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर बनाने की शुरुआत की। जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा के सक्षम नेतृत्व में दस उद्योगों और जीआर नोएडा चैप्टर के आईआईटी रूर्के एलुमनी एसोसिएशन के पंद्रह वरिष्ठ स्तर के विशेषज्ञों ने शामिल होकर एजेंडा बिंदुओं को अंतिम रूप देने के लिए विचार-विमर्श किया। बेरोजगारी को कम करने, ज्ञान प्रबंधन बढ़ाने और 9 विश्वविद्यालयों, 16 सरकारी संस्थानों, सैकड़ों निजी शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न उद्योगों की 100 कंपनियों के बीच संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए कई विचारों पर चर्चा की गई। उनके प्रयास निश्चित रूप से शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के अंतर को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

प्रोफेसर आरके सिन्हा ने जीबी नगर को उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए ज्ञान और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए इस तरह के सहयोग पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की अल्लुमिया एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मित्तल ने जिले में इनक्यूबेशन केंद्रों के लिए एक नेटवर्क विकसित करने की ओर इशारा किया, ताकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार नोएडा में उद्योग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप को एक सही मंच दिया जा सके। आयकर आयुक्त प्रखर गुप्ता ने छात्रों के कौशल विकास के लिए उद्योग के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक बहुत उपयोगी रही और नोएडा और ग्रेटर नोएडा-नॉलेज एंड इनोवेशन नेटवर्क (एनजीएन-केआईएन) के नाम से एक एसोसिएशन बनाने का निर्णय लिया गया।

# समाज में विशिष्ट योगदान करने वाली महिलाएं महिला उन्नति अवॉर्ड से हुई सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला उत्थान सामाजिक संगठन ने अपना पांचवा स्थापना दिवस शारदा विवि में धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में महिला उन्नति का प्रतीक बनकर सामने आयी, महिलाओ को महिला उन्नति अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गान कर अतिथियों का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि आने वाला कल महिलाओं का है। आज महिलायें खेल के मैदानों से लेकर बार्डर पर देश की सुरक्षा कर रही है। फिर चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो या शिक्षा का अध्यात्म का क्षेत्र हो प्रशासनिक, हर क्षेत्र में महिलायें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में आगे आ रही है। डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने कहा कि आज की महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है वो समय गया जब महिलाओ को अबला कमजोर समझा जाता था उसने अब खुद की शक्ति और क्षमताओ को पहचानना शुरू कर दिया है। समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसी भी समाज का विकास समाज में महिलाओं की भागीदारी पर निर्भर करता है, अपनी परंपरा संस्कृति घर परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए



■ **महिला उत्थान सामाजिक संगठन के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम**

भी जो महिलायें समाज के विकास हेतु प्रशंसनीय कार्य कर रही है वह एक प्रेरक है। संगठन की मुख्य संरक्षक इन्दू गोयल ने कहा कि आप समाज का गौरव है महिलाओ के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली वरिष्ठ समाज सेविका राजेश्वरी त्यागराजन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से (रूबी मिश्रा पुत्रवधु-पद्मविभूषित पंडित बिरजू महाराज), मिस इंडिया 2022 डॉ. कर्णिका तिवारी, अनीता नागर खेल अधिकारी, पूनम तिवारी कार्यक्रम अधिकारी, रीता यादव एसएचओ साइबर क्राइम, पहलवान बबीता नागर, इंटरमीडिएट टापर प्रिया, दीपा भाटी पीसीएस सहित पर्यावरण साहित्य चिकित्सा उद्यमिता नृत्य संगीत हस्तकला आदि क्षेत्र मे प्रेरक कार्य कर रही महिलाओं को महिला उन्नति अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीडीईओ आशीष कुमार सिंह, संस्थापक डॉ. राहुल वर्मा, श्रीराजन शारदा, कार्डिनेटर मनोज झा, रणवीर चौधरी, शालिनी सिंह, गीता भाटी, स्वीटी अग्रवाल, डॉ. वन्दना सिंह, शैफाली गोयल, रेनू बाला शर्मा, माधुरी चौहान, कविता सिंह, पूजा अवाना, बबीता भाटी, प्रीतम भाटी, पूनम सिंह, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जीबीयू में इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में खेल परिषद की तरफसे पहले वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थाओं से 14 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें 12 टीमें हिस्सा ली। टूर्नामेन्ट में शिव नादर, बेनेट विवि, गलगोटिया विवि, शारदा विवि, ग्राफिक इरा, देहरादून, मंगलमय कॉलेज, जीएल बजाज, गलगोटियास कॉलेज, काईट कॉलेज, और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की तीन टीमों ने हिस्सा लिया। पहले सेमीफाइनल में, शारदा विश्वविद्यालय और शिव नादर विश्वविद्यालय ने कठिनाई से प्रतिस्पर्धा की, लेकिन शारदा विश्वविद्यालय ने दृढ़ता और संकल्प का प्रदर्शन करके जीत हासिल की और फाइनल में पहुंचे। दूसरे सेमीफाइनल में काइट को गलगोटियास विश्वविद्यालय के खिलाफ कठिनाई से मुकाबला हुआ। हालांकि, काइट को वॉकओवर दिया गया, जिससे उन्होंने अपनी

■ **फाइनल में शारदा की जीत**



जगह फाइनल में सुनिश्चित की। फाइन मैच शारदा विवि और काईट के बीच हुआ। एक नेल-बाइटिंग मुकाबले में, दोनों टीमें ने अपना प्रदर्शन किया। आखिरकार, शारदा विश्वविद्यालय टूर्नामेंट के चैम्पियन बने, जीत हासिल करते हुए अंतिम स्कोरलाइन 3-2 के साथ रहा। इस अवसर पर विवि के कुलपति आर.के. सिन्हा ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. नगेंद्र सिंह, खेल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. ए.के सिंह, डॉ. फयद जुल्फिकर, डॉ. सीएस शिवई, डॉ. संदीप राणा, और पीटीआई दिव्या अग्निहोत्री की मौजूदगी थी। अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों में सरदार मंजीत सिंह, प्रमोद कुमार सचिव, जिला ओलंपिक एसोसिएशन, डॉ. विकास भाटी, कृष्ण पाल मौजूद रहे।

## वंचित बच्चों को साक्षर बनाने के लिए लाइब्रेरी ऑन व्हील्स की शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। अपना स्कूल, एकगैर-सरकारी संगठन, विकास विश्रांति (चैरिटेबलट्रस्ट) की एक सराहनीय पहल है जो वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अथक प्रयास कर रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आठ अलग-अलग केंद्रों में लगभग 750 से 800 बच्चों के बीच साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में सुधार करने की प्रतिबद्धता के साथ, अपना स्कूल को अपने नवीनतम प्रयास- लाइब्रेरी ऑन व्हील्स को पेश किया है। अपना स्कूल ने 'लाइब्रेरी ऑन व्हील्स पुस्तकालय' शुरू किया है। यह नवोन्वेषी मोबाइल लाइब्रेरी कहानी की किताबें, पत्रिकाएं और शैक्षिक खेल सीधे बच्चों तक उनके संबंधित केंद्रों तक पहुंचाएगी। यह देखते हुए कि इनमें से कई केंद्र फुटपाथों, पार्कों और खुले परिसरों में स्थित हैं, यह मोबाइल लाइब्रेरी शैक्षिक संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करने का सही समाधान है। एक बेस लाइब्रेरी, रणनीतिक रूप से गामा 1 पर स्थित है, जिसमें सावधानी पूर्वक पुस्तकों और शिक्षण संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला रखी गई है। यह बेस लाइब्रेरी न केवल मोबाइल लाइब्रेरी के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगी बल्कि अपना स्कूल समुदाय के शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप मो भी काम करेगी। इसका उद्देश्य पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और छात्रों को किताबों की दुनिया का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। द मोबाइल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन गुरुवार को हुआ, जिसमें साधना भारती, प्रधानाध्यापिका, गवर्नमेंट हाईस्कूल, बुलंदशहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

## बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों को बताए गए सफलता के सूत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। एक्यूरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा में नव-प्रवेशित छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'शुभागमन' आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनोद शर्मा, प्रोफेसर एमीरेट्स आई आई टी दिल्ली, ने छात्रों को साइंस एंड इंजीनियरिंग में बेसिक डिफरेंस बताते हुए दैनिक जीवन में आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग डिवाइसेज डेवलप करने की तकनीक सिखायी तथा सफलता के विभिन्न सोपान के बारे में अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि रंजन सिन्हा और सीईओ, मंत्रणा कंसल्टिंग और समर महापात्रा ने टेक्नो-सेटेप्स सिखाया तथा कार्पोरेट एनवायरनमेंट में खुद को ढालने का तरीका सिखाया। विशिष्ट अतिथि अंकिता रानी, टेक्निकल हेड, एसिन्चर साफ्टवेयर ने स्टूडेंट्स को स्ट्रक्चरल प्रोग्रामिंग के बारे में बताया और प्लेसमेंट में फंडामेंटल कांसेप्ट की भूमिका और उसको प्रिपेयर करने की टिप्स समझायी। अतिथि अनिल कुमार सिंह, चेयरमैन सिएल्प लिमिटेड ने छात्रों को दिनचर्या के संतुलन का बौद्धिक विकास में क्या भूमिका है ये समझाया। अतिथि डॉ. मधुर देव, प्रोफेसर, शिव नाडर यूनिवर्सिटी ने एकेडमिक, एट्मासफियर और एक्टिविटी ऐसे थ्री-ए का बेस्ट प्लेसमेंट में महत्व से अवगत कराया। डायरेक्टर डॉ. योगेश भोमिया ने इंस्टीट्यूट में एकेडमिक्स, ट्रेनिंग, स्किल डेवलपमेंट, नवाचार के बारे में अवगत कराया और छात्रों के उज्वल भविष्य के बारे अभिभावकों को आश्वस्त किया।

# 'गणपति बप्पा मोरिया' जयघोष के साथ सिटी पार्क में गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। हिंदुओं के गर्व और हर्षो उल्लास का प्रमुख त्यौहार श्री गणेश महोत्सव गणराज महाराष्ट्र मित्र मंडल ट्रस्ट, ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय 20वें गणेशोत्सव 2023 का शुभारंभ 19 सितम्बर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। ग्रेटर नोएडावासियों को बेसब्री से रहता है। वैसे तो यह त्यौहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है किंतु महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में विशेष धूमधाम से मनाया जाता है उसी तर्ज पर ग्रेटर नोएडा में भी गणेश चतुर्थी जो हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है वह बड़े धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में मेला का आयोजन कर एवं पंडाल में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जैसे नृत्य गायन प्रतियोगिता श्री गणेश गायन

■ **विसर्जन के साथ मिहिर भोज पार्क में भंडारे का आयोजन**



प्रतियोगिता संकीर्तन भजन संध्या नवरात्र फाउंडेशन कार्यक्रम टैलेंट शो नृत्य प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता मातृशक्ति रंगारंग कार्यक्रम वृंदावन के रासलीला एवं फूलों की होली आर्केस्ट्रा नाइट तथा समापन वाले दिन भंडारा एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भी किया गया। महोत्सव 10 दिनों तक चलता है तथा गणेश जी की प्रतिष्ठा संपूर्ण भारत में समान रूप से व्याप्त है तथा इसी दिन जगह जगह पंडालो में गणपति बप्पा विराजमान हो जाते हैं। गुरुवार को हिंदू विधि विधान पूजा के साथ कार्यक्रमों का समापन कर श्री गणेश जी का विसर्जन किया गया। भगवान श्री गणेश की विसर्जन के खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजवीर सिंह सेवानिवृत लेखपाल एवं पूर्व जिला संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गुरु रविदास विश्व महावीठ उत्तर प्रदेश तथा मुख्य संयोजक वेद प्रकाश भाटी तथा हरेंद्र भाटी समापन एवं विसर्जन का कार्यक्रम सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क पर किया गया। इस अवसर पर गणेश जी की पूजा कर जयघोष 'गणपति बप्पा मोरिया' के साथ सैकड़ो भक्तों के साथ सिटी पार्क में ही विसर्जन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक चन्द्र शेखर गर्ग, वेद प्रकाश भाटी हरेन्द्र भाटी जी.पी.गोस्वामी, राहुल नम्बरदार, दीपक प्रधान, आदित्य घिडियाल, मुकेश शर्म राजवीर सिंह भाटी, भुजंग राव वाडेकर, राजेश शर्मा परिवार देवेश चौधरी एवं देवेंद्र पाटिल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर- पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.एल.195, भूखण्ड संख्या-13, पाकेट-बी, क्षेत्रफल-60 वर्ग मीटर सर्वश्री सूबे सिंह भाटी, श्याम सिंह भाटी, श्यामेन्द्र सिंह भाटी, राजू भाटी, विरेन्द्र सिंह भाटी पुत्रगण स्व० श्री रामेश्वर व सर्वश्री जिलेराम, बलराज, दयाराम, गिरराज, जसराज पुत्रगण स्व० श्री रामफल व स्व० श्री शिव दयाल, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री जिलेराम पुत्र स्व० श्री शिव दयल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री रामहेत, जयाराम भाटी, जगराम, जगत पुत्रगण स्व० श्री जिलेराम, श्रीमती धर्मो (विवाहित) पुत्री स्व० श्री जिलेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री रामहेत, जयाराम भाटी, जगराम, जगत पुत्रगण स्व० श्री जिलेराम, निवासी ग्राम पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री रामहेत, जयाराम भाटी, जगराम, जगत पुत्रगण स्व० श्री जिलेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# देश विदेश

# कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान करने के लिए मांगी माफी

**ओटावा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा की ओर से प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी है, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ाई लड़ी थी।

**'यह एक गलती है, जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है।'**

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने एक बयान में कहा, यह एक गलती है जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है। हम सभी जो शुक्रवार को इस सदन में थे, हमें इस बात पर गहरा अफसोस है कि हमने खड़े होकर तालियां बजाईं, भले ही हम संदर्भ से अनभिज्ञ थे, यह नरसंहार में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति का एक भयानक



उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ वह यहूदी लोगों और नाज़ी नरसंहार का निशाना बने लाखों लोगों के लिए बहुत दर्दनाक था। ट्रूडो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की से माफी मांगी, जो 22 सितंबर को घटना के समय कनाडा के दौरे पर थे और संसद में मौजूद थे, उन्होंने कहा, कनाडा को गहरा खेद है। जेलेंस्की उन लोगों में से थे, जिन्हें 98 वर्षीय यारोस्लाव हंका की सराहना करते हुए चित्रित किया गया था, जिन्होंने 14 वें वेफेन-एसएस ग्रेनेडियर डिवीजन में सेवा की थी, जो नाजी कमांड के तहत ज्यादातर जातीय यूक्रेनियन से बनी एक स्वैच्छिक इकाई थी। डिवीजन के सदस्यों पर पोलिश और यहूदी नागरिकों की हत्या का आरोप लगाया गया है, हालांकि यूनिट को न्यायाधिकरण द्वारा किसी भी युद्ध अपराध का दोषी नहीं पाया गया है। कनाडाई संसद में यूक्रेनी और कनाडाई हीरो के रूप में , हुंका की प्रशंसा की गई। ट्रूडो की माफी संसद अध्यक्ष एंथनी रोटा के एक दिन बाद आई है, जिन्होंने हुंका को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाली है, उन्होंने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि उन्हें हुंका के नाजी संबंधों के बारे में जानकारी नहीं थी।

## जातिगत भेदभाव के खिलाफ दो इंजीनियर कोर्ट पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव के खिलाफ मुकदमा करने वाले दो भारतीय-अमेरिकी सिस्को इंजीनियर एक हिंदू वकालत समूह द्वारा दायर मुकदमे में शामिल हो गए और आरोप लगाया कि राज्य के नागरिक अधिकार विभाग ने हिंदुओं व भारतीय-अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। वर्षों की मुकदमेबाजी के बाद, सुंदर अय्यर और रमाना कोम्पेला के खिलाफ जातिगत भेदभाव का मामला इस साल अप्रैल में सीआरडी द्वारा खारिज कर दिया गया था। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा दायर एक संशोधित शिकायत के अनुसार, सीआरडी ने जिस तरह से सिस्को सिस्टम्स पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपने मामले को आगे बढ़ाया, उससे कई हिंदुओं और भारतीय अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

ब्रिटेन का जेलेंस्की से और अधिक सैन्य सहायता देने का वादा

# रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की





**लंदन,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान उन्हें और सैन्य समर्थन देने का वादा किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। प्रेस बयान में कहा गया, रक्षा मंत्री शाप्स ने राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके समकक्ष रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की और ब्रिटेन से और सैन्य मदद का वादा किया। श्री शाप्स की यूक्रेन की राजधानी की यह दूसरी यात्रा है। ब्रिटेन के ऊर्जा सुरक्षा सचिव के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में उन्होंने अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में यूक्रेन को कुल 2.3 अरब पाउंड (2.8 अरब डॉलर) सैन्य सहायता थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है। यह लाखों पाउंड की आर्थिक सहायता और एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त है, जिसका लक्ष्य वर्ष के अंत तक 30,000 यूक्रेनी रंगरूटों को प्रशिक्षित करना है।

## सुडोकू 6331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 29 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है।

वृषभ - आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## शी चिनफिंग ने डब्ल्यूटीओ में सुधार पर बल दिया

**बीजिंग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो ने विश्व व्यापार संगठन के नियम और उसके सुधार पर 8वीं सामूहिक अध्ययन बैठक की। सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने इसकी अध्यक्षता करते समय कहा कि डब्ल्यूटीओ बहुपक्षवाद का अहम स्तंभ है और वैश्विक आर्थिक शासन का महत्वपूर्ण मंच है। डब्ल्यूटीओ का सुधार व्यापक समानता और आम रूझान है। हमें चौतरफा तौर पर डब्ल्यूटीओ के सुधार और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व व्यापारिक नियमों के समायोजन में भाग लेना चाहिए ताकि उच्च स्तरीय खुलेपन से मूल सुधार और गुणवत्ता विकास बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ में प्रवेश करना चीन के खुलेपन के लिए मील का पत्थर है। बीस से अधिक साल में चीन के वस्तु व्यापार की कुल रकम 11 गुने से अधिक बढ़ी और विश्व में सब से बड़ा वस्तु व्यापार देश बना। विश्व आर्थिक वृद्धि में चीन का वार्षिक योगदान लगभग 30 प्रतिशत रहा। उन्होंने बल दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधार में भाग लेने में हमें डब्ल्यूटीओ से केंद्रित बहुपक्षीय व्यापार तंत्र की प्रतिष्ठा और प्रभावकारिता की डटकर सुरक्षा करनी और डब्ल्यूटीओ के विवाद समाधान तंत्र का सामान्य संचालन बहाल करना चाहिए।

# उत्तरी इजरायल के अरब शहर में गोलीबारी, पांच लोगों की मौत

**यरूशलम,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी इज़रायल के अरब शहर में गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोग मारे गए।

इज़रायली पुलिस के मुताबिक बेडौइन शहर बासमत ताबुन में एक घर में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पीड़ितों की पहचान दो किशोर भाइयों, 40 साल की एक महिला और उसके 25 वर्षीय पुत्र और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार के रूप में की है।

घटना में महिला का 49 वर्षीय पति मामूली रूप से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराय गया है। इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी शुरू करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रमुख



याकोव शबताई ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की गोलीबारी की पिछली घटनाएं अक्सर संगठित अपराध गिरोह के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। पुलिस हत्यारों को ढूंढने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## इजरायल ने गाजा क्रॉसिंग को फिर से खोला

**जेरूसलम।** इजरायल ने विरोध प्रदर्शनों के बीच गाजा पट्टी के साथ अपने मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट को दो सप्ताह बंद करने के बाद गुरुवार को फिर से खोल दिया। एक इजरायली रक्षा मंत्रालय इकाई ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की कि क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वय के कार्यालय (सीओजीएटी) ने गाजा और इज़राइल के बीच एकमात्र पैदल यात्री इरेज़ क्रॉसिंग को फिलिस्तीनी श्रमिकों के लिए इज़राइल में प्रवेश करने के लिए फिर से खोल दिया है।

## वर्ग पहेली 6331

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6330

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ हा | र | ३ क | ■ | ४ प | थ | ५ क | र |
| भि | ■ | ज | ■ | ६ स | म | क्ष | ■ | र्क | ■ |
| ७ ला | ग | त | ■ | म | ■ | ८ पा | ठ | शा | ९ ला |
| षा | ■ | मं | ■ | १० सा | बि | त | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ ब | द | १२ ल | ना | ■ | ■ | १३ प्र | लो | भ |
| ■ | ल | ■ | क्ष | ■ | १४ आ | दि | त्य | ■ | व |
| १५ नि | वा | १६ र | ण | ■ | दे | ■ | १७ य | १८ व | न |
| के | ■ | स | ■ | १९ रो | श | २० नी | ■ | त्स | ■ |
| २१ त | बा | ली | ■ | च | ■ | २२ ति | जा | र | २३ त |
| न | ■ | २४ न | स | क | टा | ■ | ■ | ■ | र्क |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# उ. कोरिया अस्तित्व व विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए हथियार विकसित करता है



**प्योंगयांग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं।

यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं।

उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में श्री श्री चोए ने कहा, उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है। रिपोर्ट के मुताबिक सत्र ने सर्वसम्मति से देश के संविधान में संशोधन करके परमाणु सशस्त्र बलों पर उत्तर कोरिया की नीति को अपनाया है। उ. कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सत्र में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने उन सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी कोरियाई लोगों की सामान्य इच्छा के प्रतिबिंब में मतदान के अधिकार का प्रयोग किया और देश के संविधान के इतिहास एक शानदार अध्याय जोड़ा।

# 18 साल बाद गाजा में चुनाव की तैयारी

**गाजा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) 18 वर्षों में पहली बार गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने के लिए फिलिस्तीनी प्राधिकरण को एक आधिकारिक अनुरोध भेजने की योजना बना रहा है। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम ने बुधवार को एक प्रेस बयान में कहा कि समूह ने गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने की मांग करते हुए रामल्ला में सरकार को एक संदेश भेजने के लिए अन्य सभी फिलिस्तीनी गुटों के साथ सहमति व्यक्त की है।कासिम की टिप्पणी गाजा में चुनाव कराने की संभावना पर चर्चा करने के लिए हमास सहित फिलिस्तीनी गुटों और रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच एक बैठक के बाद आई। प्रवक्ता ने कहा, हम अन्य सभी गुटों से सहमत हैं कि हम अपने लोगों को अपने विधायी प्रतिनिधियों को चुनने की अनुमति देने के लिए स्थानीय चुनाव कराने के लिए उचित स्तर पर पहुंच गए हैं। सीईसी के कार्यकारी निदेशक हिशाम खलील ने पत्रकारों को बताया कि आयोग को गाजा में जल्द से जल्द स्थानीय चुनाव कराने के लिए फिलिस्तीनी गुटों की सहमति के बारे में सूचित किया गया है।

## आज का इतिहास

1650 - इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
1789 - अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
1836 - मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
1901- दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्?ट एनरिको फर्मी का जन्?म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्?होंने परमाणु रिएक्?टर बनाया था।
1911 - इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1915 - टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
1927 - अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
1959 - भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
1962 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
1971 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
1977- सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
1988 - चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
2000-चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
2001-संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
2002-दक्षिण कोरिया के बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन।
2003-ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
2006-विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटी।
2009-अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में भारत के विजेन्दर को 75 किग्रा वर्ग में 2700 अंकों के साथ पहला स्थान दिया गया।
2011- चीन ने जिक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से पहली अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-1 को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।


**परेशानी** *2020 में दुनिया भर में करीब 53 लाख लोगों की कैंसर से मौत*

# 70 फीसदी कैंसर रोगियों की बच सकती थी जान

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। साल 2020 में कैंसर से होने वाली असामयिक मौतों में से 70 फीसदी की जान बचाई जा सकती थी। इनमें से 30 फीसदी रोगियों का उपचार मौजूद था। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित चिकित्सा अध्ययन में बताया कि 2020 में दुनिया भर में करीब 53 लाख लोगों की कैंसर से मौत हुई है। इसमें 29 लाख पुरुष और 23 लाख महिलाएं शामिल थीं। मरने वाली महिलाओं में से करीब 13 लाख की मौत तंबाकू, शराब, मोटापा और संक्रमण की वजह से हुई।**

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) से कैंसर मृत्यु दर पर ग्लोबोकैन 2020 डाटा का इस्तेमाल करते हुए शोधकर्ताओं ने अध्ययन के जरिए सुझाव दिया है कि कैंसर बीमारी का समय रहते पता लगाने और इलाज शुरू करने से लाखों लोगों की मौत रोकी जा सकती है। अगर महिलाओं की बात करें तो करीब 15 लाख मौतों को सालाना टाला जा सकता है।

आईएआरसी में कैंसर निगरानी के उप शाखा प्रमुख प्रो. इसाबेल सोरजोमातरम का कहना है कि जब भी महिलाओं में कैंसर की बात आती है तो स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर पर बात होने लगती है लेकिन लोगों को यह भी जानना चाहिए कि हर साल 70 वर्ष से कम उम्र की लगभग तीन लाख महिलाएं फेफड़ों के



■ 13 लाख की मौत तंबाकू, शराब, मोटापा और संक्रमण की वजह से हुई

कैंसर से मर जाती हैं। इनके अलावा 1.60 लाख महिलाओं की मौत कोलोरेक्टल कैंसर से हो रही है। इसके अलावा, कुछ दशकों से कई उच्च आय वाले देशों में महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मौतें स्तन कैंसर से होने वाली मौतों की तुलना में अधिक रही हैं। अध्ययन में यह भी कहा है कि महिलाओं में कैंसर के कारणों और जोखिम कारकों की अधिक जांच की भी आवश्यकता है क्योंकि पुरुषों में कैंसर के जोखिम कारकों की तुलना में उन्हें कम समझा जाता है। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाणिज्यिक उत्पादों जैसे स्तन प्रत्यारोपण, त्वचा को हल्का करने वाले और बालों को आराम देने वाले उत्पाद भी कैंसर को बढ़ावा देने में योगदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी लैंसेट कमीशन की एक नई रिपोर्ट बताती है कि लैंगिक असमानता और भेदभाव महिलाओं के कैंसर के जोखिम कारकों से बचने के अधिकारों और अवसरों को प्रभावित करते हैं। साथ ही समय पर उनकी जांच और देखभाल में बाधा डालते हैं।

## दुनिया को जानें

# ताइवान ने पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी का अनावरण किया

**ताइपे,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ताइवान ने गुरुवार को अपनी पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी (आईडीएस) नरवाल का अनावरण किया। द्वीप की केंद्रीय समाचार एजेंसी (सीएनए) ने यह जानकारी दी है। यह समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। लॉन्चिंग समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में हुआ और इसकी अध्यक्षता ताइवानी राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। सीएनए ने सुश्री त्साई के हवाले से कहा, आज का दिन इतिहास में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ताइवान में रक्षा पनडुब्बी बनाना एक समय असंभव काम माना जाता था, लेकिन अब यह हकीकत बन गया है। यह पनडुब्बी 229.6 फुट लंबी, 26.2 फुट चौड़ी और 59 फुट ऊंची है। इसका विस्थापन 2,500-3,000 टन है। यह पोत छह टारपीडो ट्यूब, एमके-48 लंबी दूरी के निर्देशित टॉरपीडो और यूजीएम-84 हार्पून एंटी-शिप मिसाइलों से सुसज्जित है।

# प्रादेशिकी

## डेंगू का खौफ: सफाई अभियान में जुटे 40 कर्मी

**हल्द्वानी।** नगर निगम की टीम ने रामपुर रोड में विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान में जुटे 40 कर्मचारियों ने चार डंपर कूड़ा उठाया। सफाई अभियान जेल रोड चैराहा हीरानगर से रामपुर रोड तक चलाया गया। सफाई निरीक्षक अमोल असवाल के नेतृत्व में गुरुवार को सुबह जेल रोड चैराहे से अभियान की शुरुआत की गई। दोपहर तक रामपुर रोड तक सफाई की गई। इस दौरान सडक के दोनों तरफ झाड़ू लगा कूड़ा एकत्र किया गया। सफाई निरीक्षक असवाल ने बताया कि रामपुर रोड क्षेत्र में लंबे समय से सफाई की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसी के मद्देनजर अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि करीब चार डंपर कूड़ा उठाया गया।शहर में कई स्थानों पर अब भी डेंगू फैलने की संभावना बनी हुई है।

# केंद्र से जायजा लेने तीसरी बार टीम आ गई, अब तो स्पेशल पैकेज दे दो : सुक्खू

**शिमला,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि अमृतसर में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उन्होंने प्रदेश हित से जुड़े मामलों को उठाया है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अब तो तीसरी बार प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए टीम आ गई है, अब तो स्पैशल पैकेज दे दो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 12,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है। ऐसे में यदि इस प्रस्ताव के आधार पर यदि केंद्र सरकार अपने नियमों के अनुसार मदद करती है, तो भी प्रदेश की हिस्सेदारी 1,200 करोड़ रुपए से 2,000 करोड़ रुपए बनती है, उसे तो दे दीजिए। उन्होंने कहा कि यह राशि प्रदेश सरकार को मिलनी ही है, उसके अलावा केंद्र सरकार से स्पैशल पैकेज दे दीजिए। मुख्यमंत्री यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार अपने बजट में कटौती करके स्पैशल पैकेज देगी। अब देखना यह है कि कहां से कटौती होगी।



मुख्यमंत्री सुखड्क्षवदर ड्क्षसह सुक्खू ने कहा कि उत्तर क्षेत्रीय परिषद बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संबद्ध राज्यों के लैफ्टिनैंट गवर्नर से सीमा विवाद के मामले को उठाया है। उन्होंने इस मामले में भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सर्वे करवाने की मांग की है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियां पर विराम लग सके। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और लेह के लैफ्टिनैंट गवर्नर से भी यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लगते सीमावर्ती क्षेत्र चुराह और लेह से लगते सरचू क्षेत्र में कई वर्ष से जारी अवैध गतिविधियों के संबंध में बात हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शानन प्रोजैक्ट की लीज मार्च, 2024 में पूरी हो रही है तथा यह हिमाचल प्रदेश को मिलना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री से इस विषय पर बात की है। इसके अलावा बी.बी.एम.बी. में हिमाचल प्रदेश को स्थाई सदस्य बनाए जाने, 7.19 फीसदी के हिसाब से बकाया 4,000 करोड़ रुपए एरियर और 12 फीसदी फ्री रायल्टी देने का मामला उठाया है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय इन्वैस्टर मीट के दौरान सुन्नी, लुहरी और धौलासिद्ध प्रोजैक्ट समझौते से जुड़ा मामला उठाया गया है। इसके तहत प्रदेश को 12 फीसदी फ्री रायल्टी देने तथा 40 वर्ष बाद प्रोजैक्ट हिमाचल प्रदेश को वापस सौंपने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पॉवर प्रोजैक्टों में लाडा और जी.एस.टी. की राशि हिमाचल प्रदेश का हक है, जो मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के बढ़ते अवैध कारोबार से सभी राज्य ड्क्षचतित है। इस पर सख्ती से निपटने के लिए सभी राज्यों ने हामी भरी है। इसके अलावा अमृतसर-कुल्लू-शिमला के बीच हवाई सेवाएं शुरू होंगी, जिससे पर्यटन को पंख मिलेंगे।

### मुख्यमंत्री ने यूएई के प्रवासी हिमाचलियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) में प्रवासी हिमाचलियों को पर्यटन, हरित हाइड्रोजन, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और सौर ऊर्जा सहित विभिन्न हरित क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने आज वर्चुअल माध्यम से यूएई में प्रवासी हिमाचलियों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य की प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उन्हें इन क्षेत्रों में निवेश के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य की समृद्ध संस्कृति के अग्रदूत के रूप में संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले हिमाचली समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश उनका घर है, और किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में प्रदेश सरकार उन्हें हरसंभव मदद प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शुमार है और कांगड़ा जिला प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनकर उभरेगा। इस उद्देश्य के लिए क्षेत्र में बुनियादी अधोसंरचना के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है।

# जश्ने ईद मिलादुन नबी पर निकाला जुलूस



**देहरादून,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल या रसूल, चमन-चमन कली-कली या अली या अली सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा के नारों से बनभूलपुरा क्षेत्र गूंज उठा। जश्ने ईद मिलादुन नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सरकार की आमद में बनभूलपुरा क्षेत्र में जुलूस निकाला। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में पुलिस बल भी तैनात रहा। पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल या रसूल के साथ मुजाहिद चैक से शुरू हुआ जुलूस नईबस्ती, इन्द्रानगर बड़ी रोड, छोटी रोड, लाइन नंबर 16, लाइन नंबर 12, चोरगलिया रोड, लाइन नंबर एक से होता हुआ मंगल पड़ाव, जामा मस्जिद, ताज चैराहा, रेलवे बाजार से होकर किदवई नगर से वापस ताज चैराहा पहुंचा। जहां मौलानाओं ने देश की तरक्की और भाईचारे के लिए दुआएं की। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी, दर्जा मंत्री मजहर नईम नवाब, शुऐब अहमद, विधायक सुमित हृदयेश, मेयर डॉ जोगेंद्र रौतेला आदि ने एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। इस दौरान सडकों को भी आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों को फल, पानी, सहित बिस्कुट खिचड़ी आदि बांटी गई।

जुलूस के दौरान समाजसेवियों की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें उबेश राजा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। उबेस राजा का कहना था कि सफाई करना हर इंसान का फर्ज है इसीलिए जज्बे से लोग सफाई अभियान में जुटे हैं।

## सार संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच समन्वय होना जरुरी : विजया

**रुद्रप्रयाग।** क्षेत्र पंचायत मंदाकिनी (अगस्त्यमुनि) की बैठक ब्लॉक प्रमुख विजया देवी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि में आयोजित की गई। इस दौरान जन प्रतिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सदन को अवगत कराया, जिसमें सड़क, पानी, शिक्षा, बिजली, मुआवजा सहित अपने-अपने क्षेत्र की अन्य समस्याएं प्रमुखता से सदन में रखी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख विजया देवी ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा कि विकास के लिए जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों में आपसी समन्वय होना जरूरी है, तभी क्षेत्र का चहुंमुखी विकास संभव है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन प्रतिनिधि दूरस्थ क्षेत्रों से आकर अपनी समस्याओं को सदन में रखते हैं। ऐसे में अधिकारियों को भी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना चाहिए।

### चोरी की घटना का 6 घन्टे मे दून पुलिस ने किया खुलासा

**डोईवाला।** दून पुलिस ने 6 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के माल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर को न्यायलय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। थाना डोईवाला पर मुन्ना साहनी ने अज्ञात चोर के घर का ताला तोडकर घर से चांदी की ज्वैलरी व नगदी चोरी करने की तहरीर दी । जिस पर थाना डोईवाला पर तत्काल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस घटना के खुलासे के लिए गठित टीम ने उच्चास्तरीय सुरागरसी पतारसी करते हुए गुरुवार को खत्ता रोड केशवपुरी तिराहा गैस गोदाम वाली रोड़ के पास डोईवाला से घटना में संलिप्त चोर सुनील साहनी से चोरी किये गए जेवरात व नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**लक्सर।** हरिद्वार जिले में रुड़की-लक्सर मार्ग पर बुधवार की देर रात को भयानक हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक में बाइक सवार दो लोगों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि एक व्यक्ति की तो मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक ने हॉस्पिटल जाते हुए दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से ट्रक चालक फरार है। सड़क हादसे में मरने वाले दोनों युवक सुमित और विकास डेरा कलाल नस्तरपुर गांव के रहने वाले थे, जो 27 सितंबर को किसी काम से लक्सर गए थे। बताया जा रहा है कि दोनों देर शाम को लक्सर से वापस बाइक पर अपने गांव डेरा कलाल नस्तरपुर लौटे रहे थे। तभी बीच रास्ते में बसेड़ी गांव के चैराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में सुमित की तो मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि विकास गंभीर रूप के घायल हो गया था, जिसके पुलिस ने 108 की मदद से हॉस्पिटल भिजवाया, लेकिन बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया है।

### सुडोकू 6331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

# मीलादुन्नबी पर जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया




**बदायूं,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को नगर की मस्जिदों व मदरसों में सुबह आठ बजे बारह रबीउल अव्वल के मौके पर नगर के मुस्लिमों ने इकठ्ठे होकर एक दुसरे को ईद मीलादुन्नबी की मुबारक बाद पेश की। इसके बाद हज़ारों लोगों की उपस्थिति में आकर्षक साज सज्जा व ट्रालियों से जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। जुलूस में लोगों ने जगह जगह खाने पीने के स्टाल लगाये एवं जुलूस में चल रहे लोगों को तरह-तरह के फल हलवे फ्रूटी पानी की बोतलें कोल्ड ड्रिंक जर्दा बिस्किट्स आदि चीजें वितरित की। जुलूस जमा मस्जिद शम्सी से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से होता हुआ जमा मस्जिद शम्सी पर आकर मुकम्मल हुआ। जुलूस में शहर काजी स लिम उल कादरी के बेटे सज्जाद नशीन दरगाह आला कादरिया, अब्दुल गनी, आतिफ मियां, कादरी एवं अज्ज़ाम मियां कादरी, डॉ. यूसुफ छोटे सरकार के पीर, मंजर पीर , अकरम पीर, अन्नू पीर, जावेद पीर, निशात पीर, पूर्व सांसद धर्मेंद्र, के पी ए, अवधेश कुमार, सपा के नगर अध्यक्ष परवेज डॉ शकील अंसारी, राशिद अली, डॉ सोहल, तनजीर अली खान, शानू खान सहित सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव एसके दास का निधन

**देहरादून,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव रहे एसके दास का निधन हो गया है। सीएम धामी ने उनके निधन की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की है। एसके दास उत्तराखंड के पांचवें मुख्य सचिव थे। उन्होंने अल्मोड़ा जिले में जिलाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थी। एसके दास उत्तराखंड की संस्कृति को बचाने के लिए लगातार प्रयास करने के लिए जाने जाते थे। एसके दास ने 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की टिहरी सीट के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अनुप नौटियाल को अपना समर्थन भी दिया था।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने श्एक्सश् पर पूर्व मुख्य सचिव एसके दास के निधन की जानकारी साझा करते हुए लिखा, श्उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव एसके दास जी के निधन का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं।



एसके दास 25 मार्च 1980 से 30 नवंबर 1982 तक अल्मोड़ा जिले के जिलाधिकारी रहे। एसके दास की पत्नी विभा पुरी दास भी पूर्व आईएएस ऑफिसर रह चुकी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेवानिवृत्त के बाद 2019 दिसंबर माह में एकसे दास को राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए अल्मोड़ा में आमंत्रित किया गया था। जहां उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति को बचाने के लिए प्रयास करते रहने की अपील की थी। उन्होंने कई सालों बाद अल्मोड़ा पहुंचने पर अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए पहाड़ की विरासत को बचाए रखने के लिए लोगों की सराहना भी की थी।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। चैकी रम्पुरा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया और कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के मुताबिक रम्पुरा वार्ड नंबर 22 निवासी 22 वर्षीय विनोद कोली पुत्र पूरन कोली मजदूरी करता था। विनोद की मां लक्ष्मी और भाभी त्रिवेणी, ज्ञानवती ने बताया कि बुधवार रात वह वार्ड नंबर 24 में रहने वाले अपने परिचित के यहां गया था। जहां रात को वह परिचित की दुकान में बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। यह देख मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया था। सूचना पर विनोद के परिवार के लोग भी पहुंचे। उसकी हालत देख परिजनों के होश उड़ गए। बताया जाता है कि सूचना पर एसआई विकास कुमार पहुंचे। उन्होंने पहले युवक को 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि विनोद की हत्या कर शव गली में ही फेंक दिया। मृतक की भाभी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में हत्या करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद घटना से पर्दा उठेगा। उन्होंने बताया कि चोट या गले किसी भी तरह के निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए दो लोगों को बैठा रखा है।

रम्पुरा में एक युवक की मौत के बाद परिजन और तीमारदार कई घंटे तक चैकी रम्पुरा के बाहर बैठे रहे। परिजनों का आरोप था कि पुलिस उनकी सुन नहीं रही है। रात में भी काफी देर तक बैठे रहे।

# साहसिक यात्रा भ्रमण के नाम पर हो गया खेल

**ऊखीमठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के तत्वावधान में विगत मार्च माह में समपन्न हुए पांच दिवसीय साहसिक यात्रा भ्रमण में हजारों रूपये वारा दृ न्यारा होने का मामला प्रकाश में आया है। साहसिक यात्रा भ्रमण में शामिल युवाओं के अनुसार पांच दिवसीय साहसिक यात्रा भ्रमण को तीन दिनों में ही कराने से विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गयी है। विभागीय मानकों के अनुसार साहसिक यात्रा भ्रमण में तीनों विकासखण्ड के युवाओं को शामिल किया जाना था मगर विभाग ने विकासखण्ड जखोली के तीन व विकासखण्ड ऊखीमठ के सात युवाओं को भ्रमण में शामिल कर विकासखण्ड अगस्तमुनि के युवाओं की अनदेखी करना न्यायोचित नहीं लग रहा है। सूचना अधिकार अधिनियम से मिली जानकारी के अनुसार जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी ने 22 फरवरी 2023 को पत्राक संख्या 713 के माध्यम से क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी को पत्र भेजकर साहसिक यात्रा भ्रमण के तहत



■ चोपतो में रात्रि विश्राम नहीं हुआ भुगतान कर दिया गया

तीनों विकासखंड के 10 युवाओं को सीमावर्ती सुदूर अंचलों में ले जाकर 5 दिवसीय ट्रैकिंग व पथारोहण के निर्देश दिये थे व साहसिक यात्रा भ्रमण पर एक लाख रुपये व्यय किये जाने थे। जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के निर्देश पर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी ऊखीमठ की देखरेख में विगत मार्च माह में सम्पन्न हुए पांच दिवसीय साहसिक यात्रा भ्रमण में हजारों रुपये का वारा दृ न्यारा होने की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी ने विकासखण्ड जखोली के कपणियां, मुनियाधार तथा चाका से एक दृ एक युवाओं तथा नगर पंचायत के गांधीनगर वार्ड से सात युवाओं को शामिल करने से स्पष्ट हो गया है कि साहसिक यात्रा भ्रमण में विकासखण्ड ऊखीमठ की 69 ग्राम पंचायतों तथा पूरे विकासखण्ड अगस्तमुनि के युवाओं की अनदेखी की गयी है। साहसिक यात्रा भ्रमण में नगर पंचायत के गाधीनगर के सात युवाओं को शामिल कर शेष उदयपुर, ओकारेश्वर व भटेश्वर युवाओं की अनदेखी करना भी समझ से परे लग रहा है। साहसिक यात्रा भ्रमण में शामिल एक युवक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि साहसिक यात्रा भ्रमण के दौरान चोपता में किसी प्रकार का रात्रि प्रवास नहीं हुआ है जबकि साहसिक यात्रा भ्रमण में चोपता रात्रि प्रवास पर 11 हजार 900 रुपये व्यय दिखाया गया है। साहसिक यात्रा भ्रमण के लिए विभाग ने श्रीनगर से 24 हजार 629 रुपये के ट्रेकसूट खरीद कर रूद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्तमुनि, ऊखीमठ, गुप्तकाशी बाजारों की अनदेखी करना भी विभागीय कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाता है।

# हिमाचल पुलिस में बड़े पैमाने पर तबादलों की कवायद तेज

शिमला, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल पुलिस में बड़े पैमाने पर तबादलों की कवायद तेज हो गई है। विभाग ने 5 सालों से एक ही स्थान पर डटे जवानों व मझोले स्तर के अधिकारियों की फेहरिस्त तैयार की है। फेहरिस्त को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अनुमति मिलने के बाद पुलिस महकमे में तबादले होंगे। आम तौर पर देखा गया है कि पुलिस जवान अथवा मझोले स्तर के अधिकारी तबदील होने के बाद सीआईडी अथवा विजिलेंस में तैनाती का जुगाड़ कर लेते हैं, मगर सूत्रों का कहना है कि अबकी बार इन्हें सीआईडी अथवा विजिलेंस में पोस्टिंग मिलने की संभावना कम है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने करीब 10 माह के शासन में फिलहाल बड़े पैमाने पर कर्मचारियों अथवा अधिकारियों के तबादले नहीं किए हैं। मगर



बीते दिनों मुख्यमंत्री ने साफ कहा था कि लंबे अर्से से संवेदनशील जगहों पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी तबदील होंगे। इसके बाद से पुलिस महकमे में लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात जवानों व अधिकारियों की फेहरिस्त बननी शुरू हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय में पुलिस बलों की सूचियां तैयार हो चुकी है। अब ये सूचियां मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएंगी। जानकारी के मुताबिक पूर्व सरकार के समय के पुलिस जवान और अधिकारी आज तक मुख्यमंत्री और उप.मुख्यमंत्री की

■ 5 सालों से एक ही स्थान पर डटे जवानों व मझोले स्तर के अधिकारियों की फेहरिस्त तैयार की

सुरक्षा में तैनात है। ये पुलिस अधिकारी पुलिस मुख्यालय को खटक रहे हैं और तय माना जा रहा है कि सीआइडी के आला अधिकारी तबादलों से जुड़ी सूचियां मुख्यमंत्री के सामने रख सकते हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद पुलिस फेरबदल के लिए सूचियां मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी। लेकिन तीन माह पहले मुख्यमंत्री कार्यालय ने पुलिस तबादलों से संबंधित प्रस्ताव वापस भेज दिया था। पुलिस के भीतर भी पिछली सरकार के समय में सचिवालय सहित अन्य स्थानों पर सेवाएं देते रहे पुलिस अधिकारियों को बदले जाने का भारी दबाव है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में टेली मानस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

**शिमला,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज शिमला से प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल व गुणात्मक उपचार के लिए केंद्र प्रायोजित टेली-मानस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी से (पीपी मोड) प्रदेशभर में कॉल सेंटर खोले जाएंगे। इन केंद्रों में रोगियों व उनके सहायकों से समस्या जान कर उपचार व परामर्श की सुविधा प्रतिदिन चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रारम्भ में इसके लिए आठ मनोचिकित्सक तैनात किए जाएंगे और प्रदेश में रोगियों की संख्या एवं मांग के आधार पर केंद्रों व चिकित्सकों की संख्या को बढ़ाने का भी प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के



अंतर्गत किसी भी प्रकार की मानसिक या भावनात्मक समस्या के निदान के लिए टॉल फ्री नंबर 14416 या 1800-891-4416 पर कॉल कर टेली मानस केंद्र में संपर्क कर मनोचिकित्सक या डॉक्टर से उपचार परामर्श प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि रोगियों को सुलभ एवं गुणात्मक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं भौतिक एवं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध होंगी। इसमें राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान बैंगलुरू तथा आईआईआईटी बैंगलुरू तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे। इसके लिए इंस्टीच्यूट ऑफ ह्यूमन बीहेवियर एंड एलाईड साईसेज, दिल्ली को प्रदेश का क्षेत्रीय समन्वय केंद्र निर्धारित किया गया है और यह केंद्र क्षमता निर्माण में हिमाचल की मदद करेगा। इस कार्यक्रम के लिए इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, शिमला संरक्षक संस्थान के रूप में कार्य करेगा और राज्य विशिष्ट प्रोटोकॉल व दिशा-निर्देश विकसित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मनोचिकित्सा सेवा शुरू करने के लिए केंद्र द्वारा एक करोड़ छह लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। टेली-मानस कार्यक्रम द्वारा प्रदेश के मनोरोगियों के उपचार के लिए उदारतापूर्ण वित्तीय सहयोग राशि प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र सरकार का आभार भी जताया। कार्यक्रम के तहत राज्य टेली मानस प्रकोष्ठ में रोगियों की ऑनलाईन कांउसलिंग के लिए प्रशिक्षित परामर्शदाता (काउंसलर) उपलब्ध करवाए गए हैं। कॉल सेंटर से जिन रोगियों को व्यक्तिगत तौर पर चिकित्सक से मिलने का परामर्श दिया जाएगा, ऐसे रोगियों को चिकित्सा महाविद्यालयों तथा जिला स्तरीय अस्पतालों में मनोचिकित्सक द्वारा उपचार उपलब्ध होगा।

# मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने किया विशाल मेगा मार्ट का 5 लाख चालान

**देहरादून,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना की जनहित में संस्थानों, घरों आदि के आगे, आसपास कूड़ा, गन्दगी आदि जमा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई लगातार जारी।


मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना अपनी टीम के साथ गुरूवार को नियमित निरीक्षण के दौरान विशाल मेगा मार्ट हरिद्वार रोड जोगीवाला में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के उल्लंघन तथा विशाल मेगा मार्ट के अंदर चल रहे एसी से निकलने वाले पानी का निस्तारण खुले में परिसर में पाया गया यह भी देखने को मिला की परिसर के चारों तरफ ना तो कोई डस्टबिन रखा हुआ है, जिस कारण से समस्त प्रकार का कूड़ा खुले में बिखरा हुआ है तथा जगह-जगह खुले में पानी बहने से इकट्ठे हुए पानी में मच्छरों के लारवा भी पनप रहे हैं। मामले में मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तत्कालमॉल प्रबंधन पर पांच लाख रुपये का अर्थ दंड लगाया गया जिसे तीन दिन के अंदर जमा करने की चेतावनी दी गई है। अर्थ दंड तीन दिन में जमा ना करने पर आरसी के माध्यम से वसूली की जाएगी। साथ ही लार्विसिडल छिड़क कर लारवा भी नष्ट किया गया।

एक अन्य प्रकरण में दौड़वाला मोथोरवाला में पड़ोसियों की शिकायत पर मौके पर निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि प्लाट स्वामी द्वारा खुले में कबाड़ में प्राप्त सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण किया जा रहा है जो की सरेआम सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स एवं एनजीटी द्वारा प्रदत्त गाइडलाइंस का खुला उल्लंघन है भूखंड स्वामी को तत्काल तीन कार्य दिवस में अपने प्लॉट को खाली करने के आदेश दिए गए तथा पचास हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

# प्रादेशिकी

## नगर के गणमान्य लोगों का सम्मान

**मवाना।** भारती महिला एवं जन कल्याण समिति एवं सामाजिक एकता मंच ने गुरुवार को नगर के अध्यक्ष, सभासदों एवं संस्था के कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मेरठ रोड स्थित गोल्डन मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता लियाकत एवं संचालन इस्लाम मलिक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अमन खटीक रहे। इस अवसर पर नगर के कई शायरों ने अपने कलाम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। सामाजिक एकता मंच के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम मलिक व भारती महिला एवं जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रियाजुद्दीन मलिक एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंडलीय अध्यक्ष महमूद सभासद ने नगर के गण मान्य व्यक्ति एवं निकाय चुनाव 2023 में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने शिष्टाचार भेंट की।

# 12 जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प करेगी सरकार

- श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, महोबा, लखनऊ, बदायूं व सुल्तानपुर के कुल 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का होगा अपग्रेडेशन
- इन केंद्रों के संचालन व चिकित्सकीय उपकरणों की स्थापना के लिए योगी सरकार की ओर से 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि हुई जारी

**लखनऊ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में जनता तक उत्तम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स के सुदृढ़ीकरण पर है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में कई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। खासतौर पर सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों, सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों, ट्रीटमेंट व रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में मॉडर्न मेडिकल इक्विमेंट्स इंस्टॉलेशन के साथ ही ढांचागत व बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर उन्हें वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज से लैस करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में अब योगी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के कुल 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा। जिन जिलों में 1-1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है उनमें श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, महोबा, लखनऊ, बदायूं व सुल्तानपुर शामिल हैं। वहीं, हापुड़ जिले में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन सभी 13 सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करने जा रही है जिसे शासन से वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है।

निश्चित तौर पर इस धनराशि आवंटन की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के विकास में तेजी आएगी और यहां इंस्टॉल किए जाने वाले मेडिकल इक्विप्मेंट्स की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रक्रिया में क्रय होने वाले सभी इक्विप्मेंट्स की गुणवत्ता, क्रय प्रक्रिया का निर्धारण व अनुपालन क्रयाधिकारी के निरीक्षण में किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को प्रदेश शासन के नियम व शर्तों के आधीन पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवंटित धन का उपयोग केवल उसी मद में हो जिस मद में उपयोग किया जाना निर्धारित किया गया था। प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के मॉडर्नाइजेशन का प्रयास योगी सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में, लखनऊ स्थित वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में 2 बेबी ट्रांसपोर्टेशन इनक्यूबेटर की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 4 लाख रुपए, 3 एक्टोक्लेव मशीन की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 60 हजार व एमएनसीयू में 6 वॉर्मर मशीनों की खरीद व इंस्टॉलेशन के लिए 9.40 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह, बाराबंकी के सिरौली गौसपुर चिकित्सालय में एक्स-रे मशीन प्रिंटर उपलब्ध कराने व कन्नौज के पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट में जारी निर्माण कार्य के लिए 8 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

## यूपी के 100 फीसदी गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

- 95,767 गांवों ने ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ खुद को ओडीएफ + घोषित किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95,767 गांवों यानी 100 फीसदी गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक, देश भर में 4.4 लाख (75 फीसदी) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तक, राज्य में केवल 15,088 गांव थे जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। केवल 9 महीने में, राज्य ने मिशन मोड में ओडीएफ प्लस हासिल करने के लिए प्रयास किए। पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई।

## संचारी रोग नियंत्रण की प्रतिदिन होगी निगरानी, लापरवाही पर गिरेगी गाज

- 3 से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

लखनऊ। संचारी रोगों के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम अक्टूबर माह में भी जारी रहेगी। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक द्वारा समस्त नगर आयुक्त एवं जल संस्थान व जलकल विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है, बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है। नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जाना है।

## सार संक्षेप

### कार में स्टंट करने वालों का वीडियो वायरल

मवाना। गुरुवार को फलावदा रोड के समीप चलती कर में स्टंट करने वालों का वीडियो वायरल हुआ है। कार सवार लड़के लग्जरी गाड़ी में स्टंट कर रहे हैं। गाड़ियों में तेज म्यूजिक बजाकर युवक हुड़दंग मचाते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर में फलावदा तिराहे के समीप कार सवार युवक स्टंट करने के साथ छीटाकशी कर रहे थे। युवकों की हरकतें देख राहागिरो ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।जहां स्टंट का वीडियो वायरल नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है वायरल वीडियो थाना पुलिस इस जानकारी में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू करती है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच शुरू करती है सड़क पर स्टंट करने वालों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### पूर्व मंत्री ने मरीजों को फल बांटे

मवाना। पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि सपा के राष्ट्रीय सचिव नामित होने पर ज्यादा सक्रिय हो गये। गुरुवार को पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जानने पहुंचे और मरीजों को फल बांटे। सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि के साथ शिक्षक नेता चौधरी नरेश पाल सिंह एवं आकाश कामिल ब्रह्मपाल यादव आदि सभी ने संयुक्त रूप से मरीजों को फल वितरित करके उनका हाल-चाल जाना और डॉक्टर अनिल कुमार शर्मा से उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से मंत्रणा की। सीएचसी के डा. अनिल शर्मा ने बताया कि उनके पास मेरठ जनपद के बाहर से भी मरीज आ रहे हैं। तहसील के गांव गणेशपुर निवासी 38 वर्षीया वंदना व अलीगढ़ निवासी श्रीमती मागेश्वरी गंभीर बीमारी से परेशान थी। उनका इलाज करके उन्हें स्वस्थ किया गया है। उनके साथ सुभाष गुर्जर, हाजी इरफान कुरैशी, हाफिज इकराम, बाबूराम कश्यप, नितिन ठाकुर, हुमायूं व दिनेश शर्मा भी थे।

## डीजे-ढोल नगाड़े संग श्रीगणेश की निकाली विर्सजन यात्रा



- भारी पुलिस बल तैनात, जगह जगह की श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा

**मवाना,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बा लावड़ के शिव बड़ा मंदिर में चल रहे छठे गणेश महोत्सव कार्यक्रम समापन होने पर गुरुवार को नगर में श्रीगणेश भगवान की विर्सजन यात्रा निकाली गई। इस मौके भक्तों ने अबीर गुलाल एवं फूलों की होली खेली और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जलपान कराया। कस्बा लावड़ चौकी प्रभारी विजय शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कस्बा लावड़ के शिव बड़ा मंदिर में प्रति वर्ष की भांति भाजपा नेता मोहन सैनी के नेतृत्व में छठा गणेश महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं विधि-विधान मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

## अवैध रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग, ज्ञापन सौंपा



**मेरठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा दर्जनों पदाधिकारी के साथ एसपी ट्रैफिक के कार्यालय पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए शहर में दौड़ रहे अवैध ए-रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की शहर पर पूरे शहर में अवैध ई-रिक्शा का जाल फैला हुआ है। शहर के प्रमुख चौराहा भयंकर जाम से ग्रस्त हैं जिसमें अवैध ई रिक्शा कारण बने हैं। ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान सरदार मंजीत सिंह कोछड़, चौ0सरताज गाजी,पियुष वशिष्ठ, सुमेर सिंह, विजय ओबेरॉय, धर्मेंद्र मलिक, विजय राठी, हाजी शारिक, रजनीश भाटी, शन्नी गुप्ता, मंसुर भाई, श्याम परूथी, संजय शर्मा, डआ0 अलमास खान, आसिफ खान, अशोक शर्मा, आदिश अग्रवाल, जुबैर कुरैशी, आसिफ खान, मोहित चौहान, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि हजारों की संख्या में शहर के अंदर अवैध ई रिक्शाओं का संचालन किया जा रहा है जो ट्रैफिक पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है उन क्षेत्रों के व्यापारियों का व्यापार समाप्त होने की स्थिति में है यातायात पुलिस द्वारा किसी भी तरीके की कार्यवाही अवैध ई रिक्शा संचालको पर पर नहीं की जाती जबकि अवैध ई रिक्शाओं से बड़ी संख्या में हादसे भी हो चुके हैं। स्थानीय ट्रैफिक पुलिसकर्मी ई रिक्शा संचालकों से अवैध वसूली करते हैं जिस कारण यह रिक्शा संचालकों के होंसले बुलंद है।

पं0 आशु शर्मा ने एस पी ट्रैफिक को कहा कि समस्या का समाधान 15 दिनों के अंदर नहीं होता तो पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल शहर के व्यापारियों को लेकर एसएसपी कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होगा।

## 21 लाख के गुम हुए मोबाइल बरामद



**मेरठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस लाइन में एसपी क्राइम द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए कहां है कि सर्विस लांस टीम की मदद से करीब 21 लाख रुपए के गुम हुए मोबाइलों को बरामद कर लिया गया है। साथ ही मोबाइलों के मालिकों को बुलाकर उनके मोबाइल उन्हें सौंप दिए गए है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे, उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। एसपी क्राइम ने बताया कि क्राइम ब्रांच सर्विलांस एवं थानों से प्राप्त मोबाइलों की जानकारी सर्विलांस टीम को सौंपी गई थी। सर्विलांस की टीम ने करीब 101 कंपनियों के मोबाइल को बरामद किया है। सर्विसलांस टीम द्वारा सभी मोबाइल मालिकों को सूचना देकर पुलिस लाइन बुलाया गया। सभी मोबाइल स्वामियों ने पुलिस लाइन स्थित प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले मोबाइल से संबंधित कागजात टीम को दिखाएं। टीम ने सभी मोबाइलों की जांच कर मोबाइल स्वामियों को सौंप दिए। हालांकि इस दौरान सभी मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। और अपने मोबाइल पाकर गदगद हो गए। वहां मौजूद 101 मोबाइलों के स्वामियों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। सर्विलेंस टीम को रिलायंस, ओप्पो, रेडमी, सैमसंग, आइटील, टेक्नो, मोटरोला, एमआई, वनप्लस व माइक्रोमैक्स आदि कंपनी के मोबाइल को बरामद किया गया। गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, गौतम बुद्ध नगर, शामली, बुलंदशहर नोएडा आदि जनपदों से सभी मोबाइल बरामद किए गए हैं।

## सुभारती विज्ञान संकाय में एलुमनाई कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती विज्ञान महाविद्यालय द्वारा एलुमनाई कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं रसायन विज्ञान विभाग के सभी अंतिम वर्ष छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता प्रो0 डॉ0 रेनू मावी एवं सभी विभागाध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग से एलुमनाई एवं वर्तमान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर पद पर कार्यरत मि0 जुनैद खान ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ अपने पुराने एक्सपीरियंस साझा किये एवं उन्हें वर्तमान में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उपयोग होने वाली नई तकनीक एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की एलुमनाई स्टूडेंट एवं जारो एजुकेशन में करियर डेवलपमेंट कॉउंसलर पद पर कार्यरत मिस विधि चौहान ने छात्रों के साथ वर्चुअल माध्यम से अपने पुराने अनुभव साझा किये। साथ ही उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नए आविष्कारों एवं जॉब अवसर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय एलुम्नाई कोऑर्डिनेटर डॉ0 अंकिता अग्रवाल एवं मि0 हिमांशु किया। कार्य्रक्रम के दौरान सभी विभागाध्यक्ष एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## स्पर्श पंडित का एसएसबी में हुआ चयन



मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के छात्र स्पर्श पंडित ने एसएसबी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। स्पर्श पंडित ने एसएसबी नेवी टेक्नीकल में सफलता प्राप्त करते हुए अपने परिवार व सुभारती डिफेन्स एकेडमी का नाम रोशन किया है। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने छात्र स्पर्श पंडित को एसएसबी में चयन होने पर शुभकामनाएं दी।

## शोभित में चल रहे 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



- स्काई बैरियर का ट्रॉफी पर कब्जा
- देवेंद्र नारायण ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की
- पूरे टूर्नामेंट में खेले गए थे 15 लीग मैच

**मेरठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें शोभित विश्वविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें स्काई बैरियर, आदर्श हॉस्टल 11, सोलो सुपर किंग, शोभितियन लायंस, एस यू डायनेमिक बैरियर, एस यू सुपर 11 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का प्रारंभ 16 सितंबर को हॉस्टल वार्डन शमशाद हुसैन द्वारा टॉस करके प्रारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में 15 लीग मैच खेले गए। जिसमें शीर्ष के दो टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में स्काई बैरियर एवं आदर्श हॉस्टल 11 के बीच खेला गया। स्काई बैरियर के कप्तान दीपक सिंह एवं आदर्श हॉस्टल 11 के कप्तान अभिजीत राणा ने अपने-अपने टीमों के साथ 28 सितंबर को सुबह 9:00 बजे फाइनल मैच की शुरुआत हुई। जिसमें स्काई बैरियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रनों का लक्ष्य आदर्श हॉस्टल 11 को दिया। जिसमें आदर्श हॉस्टल 11 की टीम मात्र 61 रन पर सिमट गई और स्काई बैरियर ने सफलता प्राप्त की। स्काई बैरियर की ओर से कप्तान दीपक सिंह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में श्री देवेंद्र नारायण (एच. आर. कॉरपोरेट, शोभित विश्वविद्यालय), कुलसचिव गणेश भारद्वाज एवं हॉस्टल वार्डन शमशाद हुसैन की उपस्थिति में हुआ। टूर्नामेंट में सबसे अच्छा प्रदर्शन के लिए अभिजीत राणा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया, दीपक सिंह टूर्नामेंट मे सबसे ज्यादा विकेट लिए एवं अभिजीत राणा ने सबसे ज्यादा रन बनाएं, जिन्हें मोस्ट विकेट टेकर ऑफ द टूर्नामेंट एवं मोस्ट रनर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विजेता टीम स्काई बैरियर को देवेंद्र नारायण द्वारा ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

## श्री रामलीला के लिए व्यस्थाओं की चर्चा



- 13 अक्टूबर से रामलीला, 8 को होगा भूमि पूजन

**मेरठ,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी मेरठ शहर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एस पी सिटी पीयूष कुमार से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। समिति ने रामलीला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया श्री रामलीला कमेटी मेरठ शहर पंजीकृत की ओर से इस बार 12 से 28 अक्टूबर तक श्रीराम लीला का मंचन किया जाएगा। समिति द्वारा सभी शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व रामलीला मैदान दिल्ली रोड पर मनाया जायेगा जिसमे काफी संख्या में नागरिक एकत्रित होतें हैं उस समय सुरक्षा का उचित प्रबंध होना चाहिए। इस दौरान समिति ने एस पी सिटी से रामलीला मैदान पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। एस पी सिटी पियूष कुमार ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान राकेश गर्ग (मुख्य संयोजक) मनोज कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), मनोज अग्रवाल (खद्दर) महामंत्री, योगेंद्र अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), अंबुज गुप्ता (संयोजक), मीडिया प्रभारी विपुल सिंघल व मयंक अग्रवाल, राजेंद्र प्लास्टिक, किशन शर्मा, लोकेश शर्मा, राजन सिंघल, कुशन गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

**तैयारी** | छोटी दीपावली के दिन दीपोत्सव पर दुल्हन की तरह सजेगा राम मंदिर

# अयोध्या दीपोत्सव में शामिल हो सकती है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले छोटी दीपावली के दिन रामनगरी अयोध्या में होने वाला सातवां दीपोत्सव इस बार अपने चरम पर होगा। अयोध्या दीपोत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हो सकती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रपति को आमंत्रण पत्र भेजा है। जुडवां शहर अयोध्या, फैजाबाद के साथ राम मंदिर को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। विश्व रिकार्ड बनाने के लिए इक्कीस लाख दीए जलाए जाएंगे।**

जिसके लिए अवध विश्वविद्यालय के पच्चीस हजार वॉलिंटियर्स चौबीस लाख दीए बिछाएंगे। शासन प्रशासन, वालंटियर्स के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए प्रोफेसर संत शरण मिश्र नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। उम्मीद है कि सुरक्षा बंधनों में जकड़े दीपोत्सव में इस बार जनसहभागिता भी रहे।



- इक्कीस लाख दीए जला फिर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए अवध विश्वविद्यालय तैयार
- पच्चीस हजार वालंटियर्स के साथ सातवें दीपोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

छोटी दीपावली के दिन राम की पैड़ी पर सिर्फ दीये नहीं जलते बल्कि हर भारतवासी के आस्था की उम्मीदों का दिया जलता है। 'अजुध्या' का अर्थ ही है जो हारी ना हो, चुनौतियों से पार पाना अयोध्या का चरित्र है। छोटी दीपावली को होने वाला दीपोत्सव पर्व सिर्फ रिकॉर्ड बनाने का इंवेट नहीं रह गया है। अब यहां हर भारतवासी की आस्था का दीया जलता है। आस्था के इन दीयों को राम की पैड़ी की सीमित जगह में समेटना ही अपने आप में बड़ी चुनौती है। रिकार्ड बनाने और देशवासियों ही नहीं दुनियाभर में बसे भारतीयों की उम्मीदों का दीया जलाने के लिए पच्चीस वालंटियर्स कमर कस रहे हैं।

दीपोत्सव की कल्पना जब की गई थी तो उसका मूल आधार ही जनसहभागिता थी। दीपोत्सव के माध्यम से अयोध्या ने वैश्विक पटल पर अपनी सकारात्मक छवि उकेरी है। सन 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति, पर्यटन विशेषज्ञ आचार्य मनोज दीक्षित ने दीपोत्सव की नींव रखी थी। श्री सरयू अवध बालक सेवा समिति ने सन् 2015 में ताज होटल लखनऊ में बैठक कर दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया था। बैठक में प्रो. मनोज दीक्षित, फिक्की चेयरमैन लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला, इंडियन एसोसिएशन आफ टूर आपरेटर्स यूपी अध्यक्ष प्रतीक हीरा, विश्व प्रसिद्ध कथक नृत्ययांगना सुरभी सिंह टंडन एवं आशीष मिश्रा शामिल थे। कल्पना जब साकार हुई तो सुरक्षा बंधनों में जकड़ गई। हर किसी की चाहत है कि दीयों की संख्या के आधार पर रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड बना रहे अयोध्या दीपोत्सव में जनसहभागिता हो। दीपोत्सव जनक, पर्यटन विशेषज्ञ आचार्य मनोज दीक्षित की भी इच्छा है कि अयोध्या दीपोत्सव जनभागीदारी का महोत्सव हो। राम की पैड़ी पर रामनगरी के हर घर से दीया, तेल, बाती आए। मोक्षदायिनी अयोध्या कई सौ वर्षों से अपने उद्धार की बाट जोह रही थी।

## 154 घंटे महासफाई अभियान में बड़े मैदान से गंदगी हटाई

**मवाना,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं 154 घंटे महासफाई अभियान के अन्तर्गत मवाना में पालिका चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को वार्ड सात मोहल्ला हीरालाल के बड़े मैदान में विशेष महासफाई अभियान



चलाया गया। इस विशेष महासफाई अभियान में पालिका की जेसीबी मशीन से मैदान में उगी घास, ईट पत्थरों को हटवाया गया तथा पालिका के सफाई कर्मचारियों ने फावड़ी व झाड़ू से नाली की सफाई का कार्य किया। इसके बाद कूड़े को उठाया गया। इस अभियान में पालिकाध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, सभासदों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने स्वयं श्रमदान करके झाड़ू लगाई। इस अभियान में सभासद विनित, अभिजीत, मुकेश रानी, शाहआलम प्रधान, विकास, सभासद पति जोनी जाटव, पालिका के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वीडियो गेम में दुनिया को बदलने की ताकत : इदरीस एल्बा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार इदरीस एल्बा का मानना है कि वीडियो गेम में दुनिया को बदलने की ताकत है। एसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, एक नए जासूसी-थ्रिलर गेम 'साइबरपंक 2077-फैंटम लिबर्टी' में सोलोमन रीड की भूमिका निभाने वाले 51 वर्षीय अभिनेता का मानना है कि उद्योग में वास्तव में मानवीय मुद्दों पर प्रकाश डालने की क्षमता है। फिल्म स्टार ने बीबीसी को बताया कि गेम में बिल्कुल वही टूल सेट होते हैं, यदि अधिक नहीं तो लोगों को उन चीज़ों में संलग्न करने के लिए जिन्हें वे नहीं समझते हैं। यदि आप गेमिंग को शिक्षा के एक पोर्टल के रूप में, एक संस्कृति और दूसरी संस्कृति के बीच इंटरफेस के रूप में उपयोग करना चाहते हैं, तो यह वास्तव में एक दिलचस्प जगह है।

# लोगों में बढ़ी हृदय से संबंधित समस्याएं



- दुनिया भर में हर साल लगभग करोड़ों लोग शिकार
- हृदय से संबंधित समस्या को लेकर रहें सतर्क

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। लोगों में हार्ट से संबंधित समस्याएं की प्रकार की उत्पन्न हो रही हैं, जिसमें हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर व तमाम तरह की समस्याओं के चलते मौतों का प्रतिशत बढ़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हृदय संबंधित बीमारियों से दुनिया भर में हर साल लगभग एक करोड़ 70 लाख लोग मरते हैं। चाहे वो महिलाएं हों या फिर युवा पुरुष या वृद्ध पुरुष सभी में हृदय से संबंधित समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। इसलिए इनके बारे में समझना बहुत जरूरी है और समय रहते इलाज के माध्यम से इस पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है।

**महिलाओं में समस्या का तनाव :** डॉक्टर अमर सिंघाल, सीनियर कंसल्टेंट व इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट ने बताया कि, आजकल महिलाओं में भी हृदय से संबंधित समस्याएं बहुत अधिक बढ़ गई है, क्योंकि बदलती जीवनशैली और तनाव के कारण ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, हाइपरटेंशन जैसी कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने लगती है और इसका सीधा संबंध हृदय से जुड़ा हुआ होता है। इसलिए उन्हें बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। महिलाओं में हृदय से संबंधित समस्याओं के कुछ संकेत है जिन्हें उन्हें ध्यान में रखना चाहिए जैसे- सांस लेने में कठिनाई हो, पेट में खिंचाव या फिर दबाव, कमजोरी होना, चक्कर आना, एंजायटी, पसीना आना, पेट से संबंधित समस्या हो, शरीर में हमेशा अधिक थकान महसूस होता रहना। यदि महिलाओं को किसी भी प्रकार के संकेत इस प्रकार के दिखाई दे तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**युवा पुरुषों में अनियमित जीवन शैली :** डॉ. हेमंत मदान, सीनियर डायरेक्टर और प्रोग्राम हेड कार्डियक साइंसेज, नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने बताया कि धूम्रपान, शराब का सेवन व अनियमित जीवन के कारण हृदय संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आजकल शराब का फैशन तेजी से बढ़ा है और शराब के अधिक सेवन से रक्तचाप बढ़ता है जिसका सीधा असर और रक्त वाहिकाओं पर पड़ने से हार्ट में पंपिंग शुरू हो जाती है और इसके बाद हार्ट अटैक होने का भी खतरा अधिक हो जाता है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि युवाओं को जिनकी उम्र 30 या 40 साल के आसपास है, वे लक्षणों को जल्द पहचान नहीं पाते जिसकी वजह से समय रहते उन्हें इलाज नहीं मिल पाता और इससे मोटा के आंकड़े भी तेजी से बढ़े हैं।

इसलिए 30 से 40 साल की उम्र के आसपास के लोगों को कुछ सामान्य लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे सीने में अचानक दर्द होना, जबड़े में दर्द होना, अचानक बहुत ज्यादा पसीना आना, सांस लेने में दिक्कत होना, चक्कर आना जैसे लक्षणों पर युवा वर्ग को ध्यान देना चाहिए।

यदि आपको व्यायाम के समय कुछ भी शारीरिक गड़बड़ लग रहा है तो व्यायाम न करें, अपने खान-पान में बाहर की चीजों को ना खाएं, प्रोसेस्ड फूड से बचें, अपने भोजन में फल सब्जियां, बीन्स नट्स और फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करें। धूम्रपान और शराब के सेवन से बचें।

**बुजुर्गों में समस्या का नजर अंदाज :** डॉ समीर कुब्बा, डायरेक्ट एंड यूनिट हेड-कार्डियोलॉजी धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली ने बताया कि, हार्ट की समस्या वैश्विक स्तर पर बढ़ती ही जा रही है चाहे वो पुरुष हो या महिलाएं सब में किसी ने किसी प्रकार की हार्ट से संबंधित समस्याएं बहुत अधिक देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत तो बुजुर्गों को है यदि वे कुछ लक्षणों को नजरअंदाज करें तो यह समस्या जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए आपके घर में यदि कोई बुजुर्ग है तो उनकी सेहत का खास ख्याल रखना आपका दायित्व है और कुछ लक्षणों पर नजर बनाए रखना बहुत जरूरी है जैसे सीने में भारीपन महसूस हो, सांस लेने में समस्या हो, पैरों में सूजन हो, जबड़े में दर्द हो, अधिक पसीना आए या फिर ब्लड प्रेशर लो या हाई हो रही हो तो इसे गंभीरता से ले और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बुजुर्गों में कई बार हार्ट अटैक के कुछ ऐसे लक्षण होते हैं जो उन्हें समझ में नहीं आते जैसे- उन्हें पेट में दर्द होगा, छाती में दर्द होगा, उन्हें अच्छा नहीं लगेगा, उन्हें कमजोरी महसूस होगी, थकावट लगेगी और सोने में भी दिक्कत होगी, इस लक्षणों को वे अनदेखा कर देते हैं और सोचते हैं कि यह समस्या हार्ट से संबंधित नहीं है जिसमें लापरवाही करने पर उन्हें दुष्परिणाम भी भुगतना पड़ता है।

## अभिनय मेरा जुनून और गायन मेरी आत्मा का हिस्सा : निक्की शर्मा



**मुंबई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में शक्ति के किरदार से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री निक्की शर्मा एक प्रतिभाशाली गायिका भी हैं। स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में शिव के रूप में अर्जुन बिजलानी और शक्ति के रूप में निक्की शर्मा ने अभिनय किया है।

निक्की अपनी अभिनय और गायन प्रतिभा से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह चमक रही हैं। 'शिवशक्ति' का सेट उनकी मधुर धुनों का गवाह बन गया है, क्योंकि वह अक्सर अपनी खूबसूरत आवाज से कलाकारों और क्रू का मनोरंजन करती रहती हैं। निक्की की गायन क्षमता का खुलासा उनके सह-कलाकारों और प्रोडक्शन टीम के लिए एक सुखद आश्चर्य के रूप में हुआ, जब उन्होंने पहली बार उनका गाना सुना और अब ब्रेक और खाली समय के दौरान, यह एक रस्म बन गई है कि निक्की सेट पर अपने लोगों के साथ गाती है और सभी लोग एक अच्छा जैमिंग सेशन करते हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए, निक्की ने कहा कि मुझे हमेशा से संगीत से गहरा प्यार रहा है और मैं अपने 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' परिवार के साथ उस जुनून को साझा करने के लिए आभारी हूं। अभिनय मेरा जुनून रहा है, लेकिन गायन हमेशा से मेरी आत्मा का एक हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि संगीत का अभ्यास करने से मुझे आंतरिक शांति मिलती है और मैं तृप्त महसूस करती हूं।

## लता मंगेशकर की 94वीं जयंती पर सायरा बानो ने किया याद

**मुंबई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो ने 'भारत कोकिला' लता मंगेशकर को उनकी 94वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके साथ बिताए पलों को संजोकर रखती हैं। लता मंगेशकर सबसे प्रसिद्ध गायिकाओं में से एक हैं और आठ दशकों के करियर में भारतीय संगीत उद्योग में उनके योगदान ने उन्हें 'क्वीन ऑफ मेलोडी' और 'वॉयस ऑफ द मिलेनियम' जैसे खिताब दिलाए। उन्होंने 36 से अधिक भारतीय भाषाओं में गाने रिकॉर्ड किए हैं। सायरा ने इंस्टाग्राम पर दिलीप कुमार और लता मंगेशकर के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें तीनों को हंसते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया कि भारतीय संगीत उद्योग की स्वर कोकिला को उनकी जयंती पर याद कर रही हूं। दिलीप साहब और मैंने उनके साथ जो पल बिताए हैं, उन्हें मैं हमेशा याद रखती हूं। उनकी कला को हम सभी के दिलों में हमेशा संजोकर रखा जाएगा।



सायरा ने अपनी पोस्ट में लता मंगेशकर के गाने दिल विल प्यार व्यार का म्यूजिक दिया है। यह गाना समीर गांगुली द्वारा निर्देशित 1967 के कॉमेडी ड्रामा 'शागिर्द' से है। फिल्म में जॉय मुखर्जी और सायरा बानो मुख्य भूमिका में थे। इस गाने को लता और मोहम्मद रफी ने गाया था। लता मंगेशकर को 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार', 'पद्म भूषण', 'भारत रत्न' समेत कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। 2007 में, फ्रांस ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर का अधिकारी बनाया। वह 'प्यार किया तो डरना क्या', 'अजीब दास्तां है ये', 'आप की नजरों ने समझा', 'लग जा गले', 'रंगीला रे', 'तूने ओ रंगीले', 'तुझसे नाराज नहीं', 'दुश्मन ना करे', 'सुन साहिबा सुन' सहित कई अन्य गानों के लिए जानी जाती हैं।

## अब वास्तविक समय में जानकारी देने के लिए वेब ब्राउज कर सकता है चैटजीपीटी

**सैन फ्रांसिस्को,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले ओपनएआई ने घोषणा की है कि उसका एआई चैटबॉट चैटजीपीटी जानकारी जुटाने के लिए वेब ब्राउज़ कर सकता है। यह 'वर्तमान और आधिकारिक' सोर्स से लिए गए आंसर देता है, जिसे वह अपनी प्रतिक्रियाओं में उद्धृत करता है।




कंपनी ने 'ब्राउज विद बिंग' नामक फीचर शुरू किया है जो अभी केवल चैटजीपीटी प्लस और एंटरप्राइज सब्सक्रिप्शन वाले लोगों के लिए है, लेकिन यह जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। ओपनएआई ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि चैटजीपीटी अब आपको सोर्स के सीधे लिंक के साथ वर्तमान और आधिकारिक जानकारी प्रदान करने के लिए इंटरनेट ब्राउज़ कर सकता है। यह अब सितम्बर 2021 से पहले के डेटा तक सीमित नहीं है। इसमें कहा गया है, 'ब्राउजिंग आज प्लस और एंटरप्राइज उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, और हम जल्द ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इसका विस्तार करेंगे। जीपीटी-4 के तहत चयनकर्ता बिंग के साथ ब्राउज़ करें।'

विंडोज़ पर माइक्रोसॉफ्ट का बिंग चैट, एज ब्राउज़र और थर्ड-पार्टी ब्राउज़र प्लगइन्स पहले से ही वेब से लाइव जानकारी लौटाने में सक्षम हैं, और क्रोम में गुगल का बार्ड भी ऐसा ही कर सकता है। इसके अतिरिक्त, दोनों खोज करते समय लिंक प्रदान करते हैं, जैसे चैटजीपीटी बिंग के साथ ब्राउज़ प्रदान करता है। जून में, ओपनएआई ने अपने चैटजीपीटी आईओएस ऐप के भीतर इंटरनेट ब्राउज़ करने की क्षमता जोड़ी, लेकिन जल्द ही इसे हटा लिया जब लोगों को एहसास हुआ कि वे चैटबॉट को सीधे यूआरएल फीड कर पैसे लेकर सामग्री प्रकट करने के लिए मना सकते हैं।

## सात दिनों के ट्रायल के साथ एडोब फोटोशॉप अब वेब पर उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर प्रमुख एडोब ने गुरुवार को सात दिनों के नि:शुल्क परीक्षण के साथ सभी योजनाओं के हिस्से के रूप में वेब पर 'फोटोशॉप' जारी किया।

एडोब ने कहा कि इस रिलीज के साथ हम उन रचनाकारों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित कर शुरुआत कर रहे हैं जो सुव्यवस्थित उपयोगकर्ता अनुभव के साथ फोटोशॉप में नए हैं। निश्चित रूप से मौजूदा फोटोशॉप उपयोगकर्ता, जो किसी भी वेब ब्राउजर से जेनरेटिव फिल जैसे टूल तक पहुंच चाहते हैं, उन्हें वेब पर फोटोशॉप से भी लाभ होगा। वेब पर फोटोशॉप के साथ, उपयोगकर्ताओं के पास अब फोटोशॉप की शक्ति तक पहुंचने के अधिक तरीके होंगे और वे बिना किसी डाउनलोड या इंस्टॉलेशन के कुछ ही क्लिक में काम शुरू कर सकते हैं।



उपयोगकर्ता वेब पर कोई भी फोटोशॉप दस्तावेज बना सकते हैं, और एक बटन के क्लिक से डेस्कटॉप पर आसानी से काम करना जारी रख सकते हैं। कंपनी ने बताया कि वे अपनी फाइल को देखने और उस पर टिप्पणी करने के लिए एक लिंक साझा कर दूसरों को भी अपने साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

## भारती फाउंडेशन को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** शिक्षा और रोजगार के द्वारा महिलाओं का सशक्तीकरण करना भारती फाउंडेशन की एक दृढ़ प्रतिबद्धता रही है। भारती एंटरप्राइजेज की लोकोपकारी संस्था होने के नाते, फाउंडेशन ने हमेशा अपने कार्यों के द्वारा बदलाव लाकर अपने प्रयासों को बढ़ाया है, खासकर ग्रामीण भारत की महिलाओं के लिए जिनके पास उनके परिवेश में सीमित सुविधाएं हैं। शिक्षा क्षेत्र में एक परिवर्तनकर्ता होने के नाते, फाउंडेशन विविधतापूर्ण कार्यस्थल विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है जहां महिलाओं को संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान करने और साथ ही अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने का अधिकार मिले। फाउंडेशन के सत्य भारती स्कूलों में 76 प्रतिशत महिलाएँ अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं और 61 प्रतिशत महिलाएँ नेतृत्व करने वाले पदों पर कार्यरत हैं। इस वर्ष Great Place To Work® सर्वे के लिए एक कड़ी मूल्यांकन पद्धति के आधार पर, महिलाओं के लिए 100 सर्वश्रेष्ठ संगठनों को India s Best WorkplacesTM 2023' के रूप में सम्मानित किया गया है।

## एचआईआईएमएस द्वारा मेडिकल केस स्टडीज का किया प्रदर्शन

नई दिल्ली 28 सितंबर (एजेंसियां)। हॉस्पिटल्स एंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिकल साइंसेज (एचआईआईएमएस) ने गुरुवार को नई दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस कार्यक्रम में एकीकृत चिकित्सा विज्ञान के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी द्वारा लिखित पुस्तक 'When Cure is Crime' का विमोचन किया गया।



कॉन्फ्रेंस को पीआईएल मैन ऑफ इंडिया से मशहूर सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय ने भी कानून और स्वास्थ्य सेवा के अभिसरण पर अपनी गहन अंतर्दृष्टि साझा करते हुए संबोधित किया। एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने दर्शकों के साथ उल्लेखनीय केस अध्ययनों को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी की नवीनतम पुस्तक, 'When Cure is Crime' का अनावरण था। डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने कहा, 'भले ही हमें 1947 में आजादी मिल गई, लेकिन हम आज भी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं। दवाएं हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गई हैं, लेकिन यह जानना महत्वपूर्ण है कि दवाओं के बारे में क्या कानून हैं?' एचआईआईएमएस के संस्थापक आचार्य मनीष जी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए विभिन्न प्रकार के मधुमेह के इलाज के लिए पारंपरिक तरीकों को अपनाने के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया, जो ऐसे दृष्टिकोणों की क्षमता पर प्रकाश डालता है। सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा, मौजूदा ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज़ एक्ट 1954 का गहन पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।

## भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

नई दिल्ली 28 सितंबर (एजेंसियां)। करोलबाग विधानसभा में कार्यरत एक प्रमुख संगठन करोलबाग नागरिक अधिकार मंच (रजि) द्वारा वीरवार को माँ भारती के लाडले सपूत शहीदे आज़म सरदार भगत सिंह जी की जन्म जयंती पर रैगरपुरा गंगा मन्दिर मार्ग करोलबाग पर स्तिथ शहीदे आज़म की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण कुराडिया ने बताया कि हमारी संस्था इस प्रकार के अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन निरन्तर करती रहती है जिससे कि हमारी आने वाली युवा पीढ़ियों को यह अहसास रहे कि जिस आज़ाद हवा में हम सांस ले रहे हैं वह आज़ादी हमे हमारे महान शहीदों



ने देश के लिये अपना बलिदान देकर दिलवाई है। इन महान व्यक्तियों को हमे याद रखना चाहिये इनके प्रति राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को कृतघ होना चाहिये। भूपेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिरंजीव मल्होत्रा एम्बुलेंस मैन कॅरोना योद्धा, आदित्य मित्र एवं भाजपा देवनगर मण्डल अध्यक्ष मदन खत्री भाजपा पहाड़गंज मण्डल अध्यक्ष गोपाल तथा करोलबाग विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## उप्र में पहली बार हुई हार्ट मिनिमली इनवेसिव सर्जरी

- जापानी कंपनी तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल
- कम ब्लड लॉस पर दिया अंजाम

**नोएडा,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा के चिकित्सकों ने पहली बार हार्ट से जुड़ी मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की है। इसमें जापानी कंपनी की तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल करते हुए एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म की ये सर्जरी की गई है। ये सर्जरी अपने आप में एक बड़ा उदाहरण है, क्योंकि प्रदेश में अभी तक इस तरह के सफल प्रयास नहीं किए गए हैं। इस सफल सर्जरी को पूरा करने में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डिएक सर्जन, कार्डियक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट समेत अन्य सहायक प्रोफेशनल्स शामिल थे।

डॉक्टर ने बताया कि 58 वर्षीय पुरुष मरीज को गंभीर हार्ट की समस्या थी (एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म) जिसे एडवांस तकनीक की मदद से ठीक किया गया। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में चीफ कार्डिएक सर्जन डॉक्टर जीवन पिल्लई के नेतृत्व में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी यानी बायपास सर्जरी की गई थी। ये सर्जरी कुछ महीने पहले हुई थी और मरीज ने पूरी तरह से रिकवर कर लिया। वो स्वस्थ लाइफ जी रहे थे। लेकिन उन्हें पेट में समस्या होने लगी, कोई खास लक्षण नजर नहीं आया।

लेकिन बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मरीज का सीटी-एंजियोग्राम किया गया तो बड़े एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म का पता चला। ये एक जानलेवा समस्या थी, जिसमें पेट की महाधमनी या एब्डोमिनल एओर्टा काफी फैल जाती है। अगर इलाज न किया जाए तो इसके टूटने का खतरा रहता है। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, ग्रुप डायरेक्टर कैथ लैब डॉक्टर समीर गुप्ता के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने मरीज की एंडोवैस्कुलर एन्यूरिज्म रिपेयर सर्जरी का फैसला लिया। ये एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया होती है जिसमें ग्रोइन एरिया यानी कूल्हे के निचले हिस्से और जांघ वाले क्षेत्र में एक छोटा कट लगाया जाता है।

**पांच चिकित्सकों की टीम ने सर्जरी के दौरान लगाया एनाकोंडा ग्राफ्ट**

डॉक्टर जीवन पिल्लई के साथ डॉक्टर समीर गुप्ता ने पूरी प्रक्रिया के दौरान पांच स्किल्ड डॉक्टरों की टीम को गाइड किया। इस सर्जरी की सबसे खास बात ये थी कि इसमें जापानी मेडिकल कंपनी टेरुमो के बनाए एनाकोंडा ग्राफ्ट को लगाया गया। इस ग्राफ्ट का उपयोग उत्तर प्रदेश में पहले कभी नहीं किया गया था। डॉक्टर समीर गुप्ता ने इस बारे में बताया कि ये सर्जरी सफल साबित हुई। इसमें मरीज का सही से ट्रीटमेंट हुआ। मुख्य रक्त वाहिका के टूटने का खतरा भी इसमें नहीं रहा।

**कम ब्लड लॉस में की गई सर्जरी**

आमतौर पर एब्डॉमिनल एओर्टा एन्यूरिज्म से जुड़ी समस्या का इलाज ओपन सर्जरी से ही किया जाता रहा है। जिसमें पेट के ऊपर बड़े चीरे लगाए जाते हैं। पूरी प्रक्रिया में 8-10 घंटे लग जाते हैं। इस तरह की सर्जरी डीप हाइपोथर्मिक कार्डियक अरेस्ट के तहत की जाती हैं। जिससे बड़े पैमाने पर ब्लड बहता है और रीढ़ की हड्डी इस्किमिया जैसी समस्याओं के चलते रिकवरी में लंबा वक्त लग जाता है। लेकिन मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा में जो ये सर्जरी हुई है, उससे इस बीमारी के इलाज में क्रांति आ गई है।

## पिंडदानियों के स्वागत के लिए 'मोक्षस्थली' गया तैयार

- हिंदू धर्म में पितरों की आत्मा की शांति व मुक्ति के लिए गया में पिंडदान एक अहम कर्मकांड
- पितृपक्ष मेले में 12 से 14 लाख तीर्थयात्रियों के आने की सम्भावना

**गया,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। हिंदू धर्म में पितरों (पूर्वजों) की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए गया में पिंडदान को एक अहम कर्मकांड माना जाता है। बिहार का गया इसके लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है।



भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष के 15 दिन को 'पितृपक्ष' कहा जाता है। इस पखवारे में लोग अपने पूर्वजों की मृतात्माओं की मुक्ति के लिए यहां आकर पिंडदान करते हैं, यही कारण है कि गया को 'मोक्ष की भूमि' भी कहा जाता है। जिला प्रशासन ने इस साल पितृपक्ष के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था का दावा किया है। स्वयं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम पूरी व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों के संबंध में डॉ. त्यागराजन ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला में 12 से 14 लाख तीर्थयात्रियों के आने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री पितृपक्ष में पूर्वजों का पिंडदान-तर्पण करने मोक्ष भूमि आते हैं।उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान गया के 54 पिंडवेदियों पर तीर्थयात्री श्राद्ध और तर्पण के कर्मकांडों को पूरा करेंगे। सफल आयोजन के लिए 19 समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति में पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय की गई है। मेला क्षेत्र को 43 जोन व 329 सेक्टर में बांट कर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। पिंडदानियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी 4278 पुलिसकर्मियों के कंधे पर है। इसमें आठ डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा वरीय अधिकारी भी समय-समय पर सहयोग करते रहेंगे। विभिन्न स्थलों पर 67 पुलिस शिविर बनाए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन, पैनाकूलर, वॉच टावर के माध्यम से संवेदनशील स्थलों की निगरानी की जाएगी।

पितृपक्ष मेला के अवसर पर 132 चिकित्सक, 213 पारा-मेडिकल स्टाफ के माध्यम से 102 स्वास्थ्य शिविर की स्थापना मेला क्षेत्र में की गई है। इसके अलावा पांच टीम के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी। पितृपक्ष मेला के अवसर पर तीर्थयात्रियों के रहने के लिए 63 सरकारी आवासन स्थल पर 70 हजार से अधिक यात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त गांधी मैदान में टेंट सिटी बनाई गई है। जबकि, विभिन्न मोनास्ट्री में तीन हजार यात्रियों के आवासन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 121 होटल, गेस्ट हाउस, 542 पंडा के निजी भवन एवं 11 धर्मशाला को भी यात्रियों के रहने के लिए चिह्नित किया गया है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, रिंग बस एवं प्रीपेड निजी टैक्सी का किराया निर्धारित किया गया है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है : डॉ रंगराजन

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है।




डॉ. रंगराजन ने बुधवार को यहां 'भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति: आर्थिक झटकों से कैसे उबरें' विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं है। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएंडवाई के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स व्यापार, विनियम और सुशासन पर पर अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रहण है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के दौरान सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप महता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,' आर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निर्माताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था पर दबाव पडा और नीति निर्माताओं को दुविधा का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने जिम्मेदार आर्थिक प्रबन्धन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक उपाय अपनाए, जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

## एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली, 28 सितंबर (आईएएनएस)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा।

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइज़र के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी



किया जा चुका है। 11 अगस्त को, लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है।

यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है।

## सैट ने सेबी की रोक के खिलाफ ज़ी प्रमोटर की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**मुंबई,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने बुधवार को सेबी के अंतरिम आदेश के खिलाफ ज़ी एंटरटेनमेंट के प्रमोटर पुनित गोयनका की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्हें कथित फंड डायवर्जन के कारण सूचीबद्ध संस्थाओं में किसी भी प्रमुख प्रबंधकीय पद पर रहने से रोक दिया गया था। सैट ने आदेश सुरक्षित रखते हुए बाजार नियामक और गोयनका को एक सप्ताह के भीतर कोई लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। सेबी के वकील डेरियस खंबाटा ने ट्रिब्यूनल को बताया कि बाजार नियामक 30 नवंबर तक पांच लेनदेन पर अपनी जांच पूरी कर लेगा और अगर सभी पक्ष सहयोग करेंगे तो बाकी में समय लगेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने 10 अगस्त को ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (जिसे पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था) के विलय को अपनी मंजूरी दे दी थी। लेकिन 14 अगस्त को पारित सेबी के पुष्टिकरण आदेश ने बड़ी गड़बड़ी करते हुए जेडईईएल प्रमोटरों - गोयनका और सुभाष चंद्रा को कंपनी और अन्य संगठनों में कोई भी निदेशक या अन्य प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने से रोक दिया। खंबाटा ने अपनी दलील में कहा था कि पिछले चार महीनों में सेबी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से धन की हेराफेरी और राउंड ट्रिपिंग का संकेत मिलता है और जांच जारी है। जेडईईएल प्रमोटरों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी और नवरोज़ सीरवई ने कहा कि सेबी ने जांच पूरी किए बिना पुष्टिकरण आदेश पारित किया और यह शुद्ध अटकलों पर आधारित है।

## स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप के एआर डिवीजन पर लगा ताला, 170 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप ने अपने ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) डिवीजन से लगभग 170 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और इकाई बंद कर दी है। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि जब से उन्होंने पहली बार एआर एंटरप्राइज रणनीति अपनानी शुरू की है तब से कई चीजें बदल गई हैं। स्पीगल ने कहा, हमने अपने एआर एंटरप्राइज व्यवसाय को बंद करने का कठिन निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में हमारे विकल्पों की खोज करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खुदरा विक्रेताओं के लिए हमारे उद्यम की पेशकश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी और हम इस समय



वह निवेश नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बुधवार देर रात कर्मचारियों को सूचित करते हुए कहा, एआर एंटरप्राइज टीम के कुछ सदस्य कैमराकिट, प्रायोजित एआर विज्ञापन और स्नैपचैट पर हर दिन एआर के साथ जुड़ने वाले 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन करने के लिए स्नैप पर बने रहेंगे, लेकिन लगभग टीम के 170 सदस्य अब स्नैप पर काम नहीं करेंगे।

स्नैप सीईओ ने स्वीकार किया कि जेनरेटिव एआई के आगमन ने सभी आकार की कंपनियों के लिए अपने ग्राहकों के लिए ट्राई-ऑन अनुभव बनाना आसान बना दिया है और हमारे लिए अपनी पेशकश को अलग करना कठिन बना दिया है। स्पीगल ने कहा, इसके अलावा हमारे व्यावसायिक प्रदर्शन ने इस वृद्धिशील अवसर में निवेश करने की हमारी क्षमता को कम कर दिया है। हमें अपने संसाधनों को अपने मुख्य विज्ञापन व्यवसाय पर केंद्रित करना पड़ा है। कंपनी ने कहा कि जो हमारा व्यवसाय छोड़ रहे हैं उन टीम के सदस्यों को एक पैकेज और आउटप्लेसमेंट देकर उन्हें समर्थन देने की पूरी कोशिश की जाएगी। स्नैप ने पिछले साल अपने 6,400 कर्मचारियों में से 20 प्रतिशत कार्यबल, यानि लगभग 1,280 कर्मचारियों को निकाल दिया था।


## वायदा सौदा निपटान पर बाजार ढेर

**मुंबई** 28 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा लिवाली के दबाव में आज शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 610.37 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत का गोता लगाकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65508.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत लुढ़ककर 31,923.84 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 37,347.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2050 में गिरावट जबकि 1613 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां लाल जबकि शेष आठ हरे निशान पर रही।

बीएसई में दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समूह की 0.29 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 18 में गिरावट रही। कमोडिटीज 1.21, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.78, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 1.84, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 1.24, बैंकिंग 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.29, धातु 1.05, तेल एवं गैस 0.82, पावर 0.49, रियल्टी 0.98, टेक 1.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 1.54 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.10 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 287 अंक की छलांग लगाकर 66,406.01 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर पर भी रहा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,423.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,118.69 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,508.32 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 45 अंक की बढ़त के साथ 19,761.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,766.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,492.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,716.45 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 19,523.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बिकवाली की शिकार हुई प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 3.97, विप्रो 2.36, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, इंफोसिस 1.91, आईटीसी 1.87, कोटक बैंक 1.86, रिलायंस 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.46, टीसीएस 1.40, टाटा स्टील 1.09, टाटा मोटर्स 1.04, एचसीएल टेक 1.02, मारुति 1.01, नेस्ले इंडिया 1.00, एनटीपीसी 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.28, सन फार्मा 0.22 और आईसीआईसीआई बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।


वहीं, एलटी 1.69, पावरग्रिड 0.73, भारती एयरटेल 0.59, एक्सिस बैंक 0.39 और एसबीआई ने 0.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। सैटेलाइट ऑपरेटर यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की। यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की बैठक में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) होंगे और श्री श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। श्री अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। वनवेब एक सहायक कंपनी होगी जो व्यावसायिक रूप से यूटेलसैट वनवेब के रूप में काम करेगी और इसका परिचालन केंद्र लंदन में रहेगा। कंपनी यूरोनेक्स्ट पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और उसने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में मानक सूचीकरण के लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट समूह के नाम से नामित, नई कंपनी पहली जीईओ एलईओ एकीकृत सैटेलाइट समूह होगा, जो अंतरिक्ष संचार को बदल देगा और तेजी से बढ़ते कनेक्टिविटी बाजार को संबोधित करेगा। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, यूटेलसैट समूह के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) सुनील भारती मित्तल ने विलय पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल विभाजन को ख़तम करना एक महत्वपूर्ण मिशन है और यह संयोजन दोनों व्यवसायों के प्रयासों में तालमेल बिठाएगा और हमारी प्रगति को गति देगा। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट उबलकर 3678 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की तेजी के साथ 57.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे =-

दाल-दलहन = चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-

## प्रधानमंत्री गतिशक्ति में 52,000 करोड़ रुपये की छह राजमार्ग, रेल परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 56वीं बैठक में आधारभूत आर्थिक अवसंरचना क्षेत्र की कुल लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली लगभग 45000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाएं और लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत आने वाली दो रेल परियोजनाएं हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता में 56वीं एनपीजी बैठक आयोजित की गई। पीएम गतिशक्ति दृष्टिकोण के शुभारंभ के बाद से, एनपीजी



द्वारा लगभग 11.53 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 112 परियोजनाओं का आकलन किया जा चुका है। कल की बैठक में समीक्षा के लिए ली गयी परियोजनाओं में गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुपालन की स्थित को प्रदर्शित किया गया। इनमें सड़क क्षेत्र की चार परियोजनाओं में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में फैले एक नए राजमार्ग के निर्माण की परियोजना है, जिससे न केवल नवसारी, नासिक, अहमदनगर जिलों में औद्योगिक बेल्ट बल्कि क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। ऐसी ही दूसरी परियोजना गुजरात में बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिले से जुड़े नए राजमार्ग के विकास की है । यह अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे को अहमदाबाद और वडोदरा से जोड़ेगी और परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत होगी, जिससे क्षेत्र में मल्टी-मोडैलिटी के संवर्धन और उपयोग में योगदान मिलेगा।

प्रस्तावित तीसरी सड़क परियोजना बिहार राज्य में स्थित है और इसमें भारतमाला परियोजना के तहत पटना-आरा-सासाराम गलियारे को चार लेन का बनाने का कार्य शामिल है। इस परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों सहित वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) ग्रस्त जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास होने की संभावना है। यह परियोजना मौजूदा मार्ग और यात्रा समय को कम करके लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने में मदद करेगी और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आने वाले तथा झारखंड और पटना की ओर जाने वाले यातायात के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह क्षेत्र के जलमार्गों को भी जोड़ेगी ।

**सार संक्षेप**

### अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा सात गुना बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 7 गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में1.3 अरब डॉलर था।) डेटा गुरुवार को जारी किया गया। आरबीआई ने कहा, तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सीएडी का बढ़ना मुख्य रूप से उच्च व्यापार घाटे के साथ-साथ शुद्ध सेवाओं में कम अधिशेष और निजी हस्तांतरण प्राप्तियों में गिरावट के कारण है। मुख्य रूप से कंप्यूटर, यात्रा और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात में गिरावट के कारण शुद्ध सेवा प्राप्तियों में क्रमिक रूप से कमी आई। तिमाही में व्यापारिक व्यापार घाटा बढ़कर 56.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछली तिमाही में 52.6 बिलियन डॉलर था, लेकिन एक साल पहले के 63.1 बिलियन डॉलर के घाटे से कम था। निजी हस्तांतरण प्राप्तियां, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन हैं, 28.6 बिलियन डॉलर से घटकर 27.1 बिलियन डॉलर हो गईं। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सीएडी सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत है जबकि जनवरी-मार्च में यह सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.2 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 2022 में यह आंकड़ा 17.9 अरब डॉलर या जीडीपी का 2.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में उच्च तेल, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण सीएडी में पर्याप्त वृद्धि देखी जाएगी। अरोड़ा ने कहा, इन सबका मतलब यह होगा कि जुलाई-सितंबर 2023 में सीएडी/जीडीपी अनुपात अप्रैल-जून 2023 के दोगुने से भी अधिक 2.4-2.6 प्रतिशत के बीच हो सकता है ।


### ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वीं रैंक बरकरार रखी है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत कई वर्षों से तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2023 में 40वें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष नीति आयोग, उद्योग निकाय सीआईआई और विश्व बौद्धिक संपदा के साथ साझेदारी में संगठन (डब्ल्यूआईपीओ), 29 सितंबर, 2023 को जीआईआई 2023 के भारत लॉन्च की वर्चुअल मेजबानी कर रहा है। लॉन्च सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी के सारस्वत, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम डब्ल्यूआईपीओ के जनरल डेरेन टैंग सहित अन्य कई वरिष्ठ गणमान्य शामिल होंगे।। जी आईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय उपकरण है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीति उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। नीति आयोग के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है।

# खेल जगत

## टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां) भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।



# भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं।

हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे।

10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।



## रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी



रोशिबिना देवी ने वुशू में पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया, लेकिन पदक का रंग वह नहीं था जो वह चाहती थीं। इसलिए, वो इस जीत के बाद भी निराश हैं। रोशिबिना देवी ने 60 किलोग्राम वीमेंस कैटेगरी में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके पास गोल्ड मेडल जीतने का मौका था, लेकिन वह फाइनल मुकाबले में चाईनीज खिलाड़ी से हार गईं। रोशिबिना ने 2018 एशियाई खेलों में इसी कैटेगरी में कांस्य पदक जीता था। बुधवार को रोशिबिना देवी ने वियतनाम की थी थू थूय गुयेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने शुरुआत में अच्छी लड़ाई लड़ी लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना देवी ने कहा, मैंने कुछ गलतियां की जो मुझे नहीं करनी चाहिए थी, मैं आगे सुधार करने की कोशिश करूंगी। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और बहुत उम्मीद के साथ यहां आई हूं। मैं अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैं और सुधार करूंगी और अगली बार स्वर्ण जीतूंगी। रोशिबिना देवी को फाइनल में की गई गलतियों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह अपने गृह राज्य मणिपुर में हो रही चीजों से काफी परेशान हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समाज के बीच हुई हिंसा में अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। रोशिबिना देवी के माता-पिता अभी भी मणिपुर में हैं और वह उनकी सुरक्षा को लेकर हर दिन डर में रहती हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, मुझे उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता रहती है।

## अदिति अशोक दूसरे स्थान पर, गोल्फ में पदक की आस बरकरार

भारत की अदिति अशोक को शुरुआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। अदिति अशोक ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता की शुरुआती दौर में जापान की एस बाबा से दो स्ट्रोक पीछे रहते हुए पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

वहीं, भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी (विश्व नंबर 148) जो एक समय पर अच्छा खेल रहे थे और संयुक्त तीसरे स्थान पर थे, लेकिन 18वें होल पर डबल बोगी के कारण संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर फिसल गए। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) चैंपियन अदिति 2020 टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं थी। अदिति ने अपने दमदार खेल से भारतीय प्रशंसकों और पूरे गोल्फ जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा था जब उन्होंने विश्व नंबर 1 के साथ बढ़त साझा की लेकिन अंत समय में वह पिछड़ गई और चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय अदिति ने वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स में पहले तीन होल में दो बर्डी लगाईं और फिर आठवें होल में एक और बर्डी लगाकर फ्रंट नौ को 33 पर समाप्त किया। इसके बाद अदिति ने बैक-टू-बैक बर्डीज़ के साथ उच्च स्तर पर समाप्त करने के साथ ही चार अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति के अलावा यिन आर, लिन एक्स और लियू वाई की चीनी तिकड़ी और थाईलैंड की यूबोल ए भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स (एक अंडर 71) और अवनि प्रशांत (पार 72) क्रमशः संयुक्त 17वें और संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

## भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले सुपर-हैवी में चीन की ओलंपिक चैंपियन बाहर

**हांगझोउ,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले, मेजबान चीन को एक झटका लगा, क्योंकि वह दुनिया की सबसे मजबूत महिला भारोत्तोलक के बिना प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसने कोहनी की चोट के कारण एशियाई खेलों से अपना नाम वापस ले लिया है।

चीन की सुपर-हैवीवेट ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक ली वेनवेन 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियों के अंतिम सत्यापन में गुरुवार को एशियाई खेलों से हट गयी। ली को सऊदी अरब के रियाद में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चोट लगी थी, जहां वह कुल स्कोर बनाने में असफल रहीं। उनकी अनुपस्थिति में चीन को हांगझोउ में 13 लोगों की टीम छोड़नी पड़ी- छह महिलाएं और सात पुरुष। चीन की प्रमुख भारोत्तोलन टीम को नहीं पता होगा कि उत्तर कोरिया से किस तरह की चुनौती की उम्मीद की जाए, जिसके भारोत्तोलकों ने दिसंबर 2019 से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

2018 एशियाई खेलों में उत्तर कोरिया (डीपीआर कोरिया) ने 15 पदक स्पर्धाओं में से आठ जीतकर अपनी ताकत दिखाई थी। अप्रैल और सितंबर 2019 के बीच, डीपीआर के भारोत्तोलकों ने पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए जो अभी भी कायम हैं।

उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के दौरान विलंबित टोक्यो ओलंपिक खेलों से नाम वापस ले लिया और बाद में जून में क्यूबा में पेरिस क्वालीफाइंग कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर को अस्वीकार कर दिया। एशियाई खेल ओलंपिक क्वालीफायर नहीं है, और डीपीआर कोरिया पेरिस में नहीं होगा, भले ही उसने किसी भी अन्य खेल की तुलना में भारोत्तोलन में अधिक ओलंपिक पदक जीते हों।




उन विश्व रिकॉर्ड धारकों में से एक, पाक जोंगजू, हांग्जो एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। डीपीआर कोरिया टीम के दो खिलाड़ी, आरआई वोनजू और ओएच कुमथेक ने पहले कभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। चीनी भारोत्तोलकों ने टोक्यो 2020 में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते और 10 पेरिस 2024 रैंकिंग सूची में चीन के आठ खिलाड़ी हैं। इस सितंबर में रियाद में विश्व चैंपियनशिप में भी उनके सात विजेता रहे।

सभी सात विश्व चैंपियन यहां प्रतिस्पर्धा करते हैं, कुछ भारी वजन में क्योंकि जिस श्रेणी में उन्होंने जीत हासिल की वह एशियाई खेलों के कार्यक्रम में नहीं है। पिछले 10 महीनों में लियू हुआनहुआ का वज़न 20 किलो बढ़ गया है। वह हांगझोउ में 109 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उनके विरोधियों में उज्बेकिस्तान के दो ओलंपिक चैंपियन, रुस्लान नुरुदीनोव और अकबर दजुरेव शामिल हैं।

## हमें सुधार करते रहना होगा लेकिन इस गति को विश्व कप में भी जारी रखेंगे : द्रविड़



**राजकोट,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है।

यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे।

श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों।

50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। भारत अपने विश्व अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया।

बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था।

हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है। टीम ने आखिरी बार भारत का दौरा टी20 विश्व कप 2016 में किया था।

## बैडमिंटन में महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के खिलाफ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम के पास विश्वास की कमी नहीं है : रबाडा

**तिरुवनंतपुरम,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि वह अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी के लिए एक तरोताजा दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पुरुषों के वनडे विश्व कप 2019 के पिछले संस्करण में प्रोटियाज़ ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहे, लेकिन इस साल अभी तक उन्होंने वनडे में सीरीज हार का स्वाद नहीं चखा है। रबाडा ने गुरुवार को कहा, दक्षिण अफ्रीका के लोगों में एक चीज की कमी नहीं है, वह है विश्वास। इसलिए, वर्ल्ड कप में जाने से पहले हमें विश्वास है कि हम इसे जीत सकते हैं। हमारे पास ऐसा करने के लिए खिलाड़ी हैं। इसलिए, उम्मीद है कि हम अपना पहला फाइनल हासिल कर सकते हैं और इस प्रतियोगिता को जीत सकते हैं। यह कठिन होने वाला है लेकिन यह वास्तव में शानदार होने वाला है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना और एक पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करना रोमांचक है, और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।



साथी तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला की चोटों ने टीम की उम्मीदों को झटका दिया है, लेकिन इससे रबाडा की उम्मीदों पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिनकी टीम 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ अपना विश्व कप अभियान शुरू करेगी। चार बार के सेमीफाइनलिस्टों ने 2019 में संघर्ष किया, लेकिन तब से आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

## सार संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा है ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन बैंक ऑफ बड़ौदा अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी कर रहा है। बृहस्पतिवार को शुरु हुए इस टूर्नामेंट 4 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में 13 टीमें शिरकत करेंगी।इस साल इस टूर्नामेंट में इस शिरकत करने वाली 13 टीमें हैं- बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(बीएचईएल), भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) , सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी), कोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल), इंपलायस प्रोविडेंट फंड कॉरपोरेशन (ईपीएफओ), फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड(एमडीएसएल), नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड), ओरिएंटल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड(ओआईसी), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(आरबीआई) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया(यूबीआई)। सभी मैच गुरुग्राम में इवेंचुएर्स स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले जाएंगे। इस मौके पर भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे।इस मौके पर बोलते हुए श्री राकेश शर्मा( जनरल मैनेजर, नई दिल्ली जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा ) ने कहा, %बैंक ऑफ ऑफ बड़ौदा प्रतिष्ठित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।'

### पाक से छीने पुरुष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी अब ओमान करेगा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान में हाल ही के सियासी हालात के मद्देनजर वहां एक पुरुष एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी छीन ली थी। पहले पाकिस्तान में होने वाला यह एक एफआईएच पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अब ओमान में होगा। अब यह एक पुरुष ओलंपिक क्वॉलिफायर मस्कट(ओमान) में 15 से 24 जनवरी,2024 तक होगा। पेरिस 2024 हॉकी ओलंपिक टूर्नामेंट अगले साल 27 जुलाई से 9 अगस्त तक होगा। एफआईएच ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। तीन अन्य एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर चीन (महिलाओं का 15 से 21 जनवरी, 2024) तथा स्पेन में (महिलाओं और पुरुषों का 13 से 21 जनवरी तक ) होंगे। इन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से छह पुरुष और छह महिला हॉकी टीमें 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर में शिरकत करने के लिए ओशनिया और यूरोप की टीमों का पहला ही पता लग चुका है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें मलयेशिया के खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत ने हांगजू(चीन)में एशियाई खेलों में पूल ए में अपना अभियान कमजोर सिंगापुर पर 13-0 से किया और अब उसकी निगाहें कहीं बेहतर मलयेशिया को भी शुक्रवार को हराकर उसके खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए उसके खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर है। मलयेशिया ने हांगकांग को पहले मैच में 8-0 से हराया। दुनिया की सातवें नंबर की टीम भारत ने मलयेशिया की महिला टीम से अपने पिछले 17 में से 16 मैच जीते हैं और मात्र एक मैच ड्रॉ खेला है। भारतीय महिला हॉकी टीम जब अंतिम बार एशिया कप में मलयेशिया से 2022 में भिड़ी तो 9-0 से विजयी रही थी। भारत

### ■ मलयेशिया की कोशिश इस बार इतिहास बदलने की

का मलयेशिया के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड उसे जीत का प्रबल दावेदार बताता है। वहीं मलयेशिया की कोशिश इस बार भारत के खिलाफ इतिहास को बदलने की होगी। भारत को मलयेशिया के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की रणनीति को मलयेशिया के खिलाफ भी मैदान पर उसी तरह अमला जामा पहनाना होगा जिस तरह कि सिंगापुर के खिलाफ मैच में पहनाया था। भारत की चीफ कोच शॉपमैन ने सिंगापुर के खिलाफ रक्षात्मक मिडफील्डर मोनिका को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में आजमाया करने साथ नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर की गैरमौजूदगी में नेहा गोयल,



मोनिका और दीपग्रेस एक्का को पेनल्टी कॉर्नर पर तेज हिट से गोल करने को प्रेरित किया और इसमें ये सभी कामयाब भी रहीं। सदाबहार अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका के लिए भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी नवनीत कौर, सलीमा टेटे, नेहा गोयल और निशा वारसी को मलयेशिया के खिलाफ बराबर आगे गेंद बढ़ानी होगी जिसके कि वे मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बना सकें। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ मैच में किसी बेवजह प्रयोग और ढील की कतई गुंजाइश नहीं है। भारत के अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है तो उसकी नौजवान स्ट्राइकर संगीता को अनुभवी वंदना और ललरेमसियामी के साथ मिलकर शुरू से मलयेशिया के खिलाफ मैदानी गोल करने के हर मुमकिन मौके को भुनाने की कोशिश करनी होगी। भारत की रक्षापंक्ति में दीप ग्रेस एक्का और मोनिका के साथ खुद कप्तान गोलरक्षक सविता को खासतौर पर मलयेशिया के लिए हांगकांग के खिलाफ मैच मे पेनल्टी कार्नर पर दो गोल करने वाली ड्रैग फ्लिकर फातिन शुक्री के खिलाफ पूरी मुस्तैदी दिखानी होगी।

### हम अपनी जीत की लय जारी रखने को कृतसंकल्प : सविता

मलयेशिया के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान गोलरक्षक ने सविता ने कहा, हम सिंगापुर के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने और अपने बढ़िया प्रदर्शन से रोमांचित हैं। पहले मैच में हमारी टीम की बड़ी जीत हमारी टीम की मेहनत और उसके एके का प्रमाण है। हर मैच एक नई चुनौती होता है। मलयेशिया की टीम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है और हमारा ध्यान इसी पर है और हम अपनी जीत की लय को जारी रखने को कृतसंकल्प हैं।

### हम मलयेशिया को कम नहीं आंक सकते : दीप ग्रेस एक्का

भारत की उपकप्तान फुलबैक दीप ग्रेस एक्का ने कहा, सिंगापुर के खिलाफ हमारा प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन हम अब अपना ध्यान मलयेशिया के खिलाफ अगले मैच पर लगाने पर है। इस तरह के टूर्नामेंट में हर मैच एक अलग चुनौती होता है और हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।